राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 20 अंक: 156 पृष्ठ: 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## केस के टाइम बाउंड निपटारे की मांग वाली अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केसेस के टाइम बाउंड (समयबद्ध) निपटारे की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी। साथ ही देशभर के कोर्ट्स में स्थगन (एडजर्नमेंट) पर गाइडलाइन बनाने की मांग पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इसी दौरान बेंच ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, हम वकीलों से दुश्मनी नहीं लेना चाहते। हम वकीलों के दोस्त हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस वी. मोहन की बेंच में यह याचिका एक वकील की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता खुद कोर्ट में पेश हुए और कहा कि अर्जी का मकसद कोर्ट्स में अनियंत्रित स्थगन पर दिशा-निर्देश तय कराना है।

**केस फ्लो मैनेजमेंट पॉलिसी बनाने की मांग की थी**

याचिका में देशभर की सभी अदालतों के लिए एक समान राष्ट्रीय केस फ्लो मैनेजमेंट पॉलिसी तैयार करने और लागू करने की मांग भी की गई थी।याचिका में कहा गया था कि इस नीति में मामलों की सुनवाई के अलग-अलग चरणों के लिए तय समय-सीमा हो।

साथ ही स्थगन को नियंत्रित करने, उपयुक्त मामलों

## इंडिया गठबंधन में पड़ी दरार: डीएमके ने 8 जून को होने वाली बैठक से बनाई दूरी, कांग्रेस पर लगाया धोखा देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई। द्रविड़** मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने आठ जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग न लेने का फैसला किया है। पार्टी ने कांग्रेस पर तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। बता दें कि विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस, डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके के साथ गठबंधन में शामिल हो गई थी, जिसे डीएमके ने धोखा करार दिया था। बता दें कि डीएमके इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगियों में से एक थी।

**कांग्रेस पर विश्वासघात का आरोप**

डीएमके ने अपने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विश्वासघात से उनके कैडर को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, डीएमके इंडिया गठबंधन की उस बैठक में शामिल नहीं होगी, जिसमें कांग्रेस पार्टी भाग लेगी।

**बैठक से दूरी, राष्ट्रहित पर आवाज जारी**

हालांकि डीएमके इस बैठक में उपस्थित नहीं होगी, लेकिन पार्टी ने




स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्र के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना जारी रखेगी। गठबंधन में शामिल अन्य दलों द्वारा उठाए जाने वाले राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर डीएमके हमेशा की तरह अपनी राय रखेगी। इस निर्णय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का माहौल गर्म है और यह आगामी राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव डाल सकता है।

**बिखराव**

> कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की थी।

**टीवीके साथ जाते हुए डीएमके ने अलग होने का कर दिया था एलान**

इंडिया ब्लॉक में पड़ी यह दरार संसद तक भी पहुंच चुकी है। रिश्तों में आई दरार उस वक्त सामने आ गई थी, जब डीएमके सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की थी। उन्होंने कांग्रेस से अलग होने के बाद "बदले हुए राजनीतिक हालात" का हवाला दिया था।

**फास्ट न्यूज**

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों के समयबद्ध निपटारे की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अदालतों में मामलों के समयबद्ध निपटारे की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि हम वकीलों से दुश्मनी नहीं लेना चाहते हैं, हम वकीलों के दोस्त हैं। याचिका वकील रजत ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि अदालतों में अनावश्यक रुप से मामलों के स्थगित करने की परिपाटी पर रोक लगनी चाहिए और इसके लिए एक दिशा-निर्देश जारी किया जाना चाहिए, ताकि मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जा सके।
सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता खुद एक वकील हैं। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि हां। तब कोर्ट ने कहा कि आप सिस्टम जानते हैं। किस तरह मामलों में स्थगनादेश जारी किए जाने चाहिए और उस पर नीति कैसे बने। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि हम चाहते हैं कि केवल दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। तब कोर्ट ने कहा कि आप बार काउंसिल ऑफ इंडिया, राज्यों के बार काउंसिल या हाई कोर्ट बार एसोसिएशंस के पास जाइए। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि इसके लिए उच्चतम न्यायालय उचित प्राधिकार है। उसके बाद कोर्ट ने इस दलील को नामंजूर करते हुए याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला कुश्ती पहलवान विनेश फोगाट को एशियन गेम्स के लिए ट्रायल में हिस्सा लेने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में भारतीय कुश्ती संघ के विरुद्ध की गई टिप्पणियों को हटाने संबंधी याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने उच्च न्यायालय की टिप्पणियों और निष्कर्षों पर विचार करने से इनकार कर दिया।

योग मन, शरीर और आत्मा को एकाकार कर अधिक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की प्रेरणा देता है: मोदी

## योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मिलेगी नई पहचान: मोदी

**योगासन**

> अहमदाबाद की धरती से विश्व खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग मानवता के लिए भारत का शाश्वत उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को एकाकार कर अधिक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि अहमदाबाद की धरती से विश्व खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने आए विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का भारत में स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।
उन्होंने कहा कि अहमदाबाद एक यूनेस्को विश्व धरोहर शहर है और इस ऐतिहासिक नगर में इस वैश्विक प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मोदी ने कहा कि कुछ दिनों बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसका मुख्य आयोजन इस वर्ष कोलकाता में होगा।



**'योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है'**

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है। आज लोग ऐसे उपायों की तलाश में हैं जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखें तथा योग इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है।
उन्होंने लोगों से हर रोज योग, भगाएगा सारे रोग का संदेश अपनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आयुष मंत्रालय ने 'योग 365' अभियान शुरू किया है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने देशों में लौटकर योग के संदेश के दूत बनें और दुनिया भर में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता में चाहे कोई भी विजेता बने, लेकिन इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनकर सभी प्रतिभागी पहले ही चैंपियन बन चुके हैं।
उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा और अनुशासन को विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी तथा प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि लगभग एक दशक पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे 190 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। भारत का उद्देश्य अपनी प्राचीन परंपरा को मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था।

मोदी ने कहा कि विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप के माध्यम से योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में योगासन अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना स्थान बनाएगा। उन्होंने कहा कि हर बड़े खेल के साथ एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होता है, जिससे रोजगार और करियर के नए अवसर पैदा होते हैं। योगासन खेल के विस्तार से खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों, शोधकताओं और इवेंट प्रबंधन से जुड़े पेशेवरों के लिए भी नए अवसर उपलब्ध होंगे।

**अहमदाबाद की धरती से विश्व की स्पोर्ट्स लेगेसी में एक और नया अध्याय जुड़ा**

अहमदाबाद की धरती से विश्व की स्पोर्ट्स लेगेसी में एक और नया अध्याय जुड़ा है। आज, पहली वर्ल्ड योगासना चैंपियनशिप शुरू हो रही है। मैं इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए, सभी देशों के एथलीट्स का भारत में स्वागत करता हूं, अपनी शुभकामनाएं देता हूं। अहमदाबाद, यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है, और भारत के इस ऐतिहासिक शहर में ये आयोजन पूरे देश के लिए गर्व की बात है। अब से कुछ दिन बाद, 21 जून को वर्ल्ड योगा डे भी मनाया जाएगा। उस दिन दुनिया के अलग-अलग देशों में योग से जुड़े आयोजन होंगे, और इसका प्रमुख कार्यक्रम भारत के एक और ऐतिहासिक शहर कोलकाता में होगा। वर्ल्ड योगा डे से पहले वर्ल्ड योगासना चैंपियनशिप, अपने आप में हेल्थ और वेलनेस की डबल डोज लेकर आ गई है।




केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने बाडेपल्ली गांव में किसानों के प्रशिक्षण और साझा सुविधा केंद्र का भी उद्घाटन किया। 'किसान प्रशिक्षण एवं साझा सुविधा केंद्र' के उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में पेड्डापल्ली महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की सराहना की।

### हरियाणा : बिना बैंक गारंटी के लगेगा एक किलोवाट सोलर सिस्टम

**चंडीगढ़। सर**कार ने सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का रोडमैप तैयार किया है। इसी कड़ी में 1 किलोवाट लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बिना बैंक गारंटी और ऋण प्रक्रिया की जटिलताओं के सोलर सिस्टम लगाने का फैसला लिया है, जिससे उपभोक्ताओं का बिजली बिल लगभग शून्य होगा।
वहीं, नियमित बिल जमा करने वाले 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी आसान किस्तों पर सोलर सिस्टम मिलेगा। किसानों की खाली जमीन पर सोलर प्लांट स्थापित कर सरकार द्वारा बिजली खरीदने की योजना है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को बताया कि लाखों परिवारों को बिना बैंक गारंटी सोलर सिस्टम उपलब्ध कराने की योजना तैयार की जा रही है। विभाग के कर्मचारी स्वयं उपभोक्ताओं के घर जाकर प्रक्रिया पूरी करेंगे और उनकी छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित करवाएंगे।

## मिशन 2029: केंद्र का बड़ा दांव, चुनाव से पहले परिसीमन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से लंबित परिसीमन विधेयक को फिर से धरातल पर उतारने की सक्रिय कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य साल 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में संसदीय क्षेत्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूरा करना है।

**क्षेत्रीय क्षत्रपों को साधने की कवायद**

इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर सरकार किसी भी टकराव से बचना चाहती है। यही वजह है कि पर्दे के पीछे आम सहमति बनाने का दौर शुरू हो चुका है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने कई क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है।
इन चर्चाओं में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य



क्षेत्रीय हितधारक शामिल हैं। इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य संसदीय प्रतिनिधित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर क्षेत्रीय दलों की चिंताओं को दूर करना है।

**टकराव नहीं, आम सहमति पर जोर**

परिसीमन का सीधा मतलब जनसांख्यिकीय बदलावों के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं को दोबारा तय करना है। बीते कुछ वर्षों में कई राज्यों ने इस बात पर चिंता जताई है कि नई व्यवस्था से संसद में उनका प्रतिनिधित्व बदल सकता है।

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: सरकार के हाथ बहुत लंबे, उससे पंगा नहीं ले सकते: ललित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। गुरुवार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है। आईपीएल को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इसको लेकर हमेशा से पैशनेट रहा। आखिरकार आईपीएल मेरे बच्चे जैसा है। मैं भले ही उससे जुड़ा हूं या नहीं, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मेरे पिता अच्छे बिजनेसमैन थे, लेकिन आज मेरे परिवार को ललित मोदी की वजह से जाना जाता है।

## हरियाणा सरकार ने 23 खिलाड़ियों को दी कोच की नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने हरियाणा में नए ओलंपिक चैंपियन गढ़ने की रणनीति तैयार की है। मिशन ओलंपिक-2036 के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराश जाएगा। इसी कड़ी में खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 23 खिलाड़ियों को कोच के नियुक्ति पत्र सौंपे।पत्रकारों से बातचीत करते हुए खेल राज्य



मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 2036 के ओलंपिक में हरियाणा के खिलाड़ियों के माध्यम से 36 पदक जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें नवनियुक्त कोचों की भूमिका निर्णायक होगी।
उन्होंने खिलाड़ियों को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देते हुए गांवों और कस्बों में छिपी प्रतिभाओं को तराशकर ओलंपिक, एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का आह्वान किया।

**आह्वान**

> छिपी प्रतिभाओं को तराशकर ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का आह्वान किया

### गुरुग्राम में सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड के बाद गुरुग्राम जिला प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। डीसी उत्तम सिंह ने जिले के सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य कर दिया है। उपयुक्त उत्तम सिंह ने अग्निशमन विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिले के मॉल, व्यावसायिक भवन, कार्यालय परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, शोरूम और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच चरणबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह जरूरी है कि सभी संस्थान निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें।

*यह अभिनव कदम न केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा*

## हरित पंचायतों की आय का 25 प्रतिशत अनाथों और विधवाओं के कल्याण पर होगा व्यय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** हरित पंचायत पहल अब राज्य भर के अनाथों और विधवाओं के कल्याण एवं उत्थान में भी योगदान देगी। यह अभिनव कदम न केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को भी सहयोग प्रदान करेगा, जिससे समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित होगा। इस पहल के सामाजिक कल्याण पक्ष को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने



का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य की 100 ग्राम पंचायतों में 500 किलोवाट क्षमता की भूमि-आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। संशोधित राजस्व वितरण व्यवस्था के अनुसार, इन

**राजस्व वितरण**

> राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने का निर्णय लिया

परियोजनाओं से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत राज्य सरकार को दिया जाएगा, 20 प्रतिशत परियोजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए हिमऊर्जा को आवंटित किया जाएगा, 10 प्रतिशत हिमऊर्जा को मिलेगा, 25 प्रतिशत संबंधित ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा तथा शेष 25 प्रतिशत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे संबंधित ग्राम पंचायत के अनाथों और विधवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। वर्तमान राज्य सरकार ने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न पहल की हैं। सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना है, जिसके तहत अनाथ बच्चों की शिक्षा, देखभाल और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक अनाथ बच्चे को प्रतिमाह 4,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना से राज्य के लगभग 6,000 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भवन निर्माण के लिए वित्तीय सहायता के अतिरिक्त जिन पात्र लाभार्थियों के पास भूमि नहीं है, उन्हें मकान निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है।
इसी प्रकार, विधवाओं को मकान निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

## शहरों में व्यक्ति भीड़ में भी अकेला, गांवों में समुदाय अब भी जीवन का केंद्र: सीजेआई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक आर्टिकल लिखा। उन्होंने लिखा- भारत के विकास की चर्चा महानगरों, उद्योगों, तकनीक और आधुनिक संरचना के संदर्भ में की जाती है।
ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और तीव्र आर्थिक गतिविधियां प्रगति का प्रतीक मानी जाती हैं, किंतु इस विकास यात्रा के बीच महत्वपूर्ण प्रश्न हमारे सामने खड़ा है- क्या हम अनजाने में गांवों की मूल आत्मा को खोते जा रहे हैं? क्या विकास का अर्थ यह होना चाहिए कि गांव धीरे-धीरे शहर का रूप ले लें?



अथवा हमें ऐसा भारत निर्मित करना चाहिए, जहां गांव अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक आत्मीयता और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से भी सम्पन्न हों? यह पूरे भारत के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है, परंतु हरियाणा के गांवों का उल्लेख इसलिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वहां आज भी सामुदायिक जीवन, श्रम संस्कृति आत्मसम्मान और सामाजिक सहभागिता की परंपरा जीवंत है।
यही स्थिति देश के अनेक राज्यों के गांवों में भी दिखाई देती है। भारत की वास्तविक शक्ति गांवों में बसती है। यदि गांवों का चरित्र ही बदल गया तो भारत की आत्मा भी प्रभावित होगी। असली चुनौती यह है कि विकास पहुंचाते समय गांवों को शहर बनने से कैसे बचाया जाए। गांवों में सड़कें हों, आधुनिक विद्यालय, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल सुविधाएं, रोजगार के अवसर हों, यह जरूरी है।




उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 05 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

http:// www.actionindialive.com




# मध्य प्रदेश में बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनी उच्च शिक्षा का संबल

अगर सरकार से मदद न मिलती, तो गरीबी के आगे मेरे घुटने टिक जाते और मेरी पढ़ाई हमेशा के लिए बंद हो जाती। आज मैं कॉलेज जा रही हूँ, तो सिर्फ इसलिए क्योंकि मेरे सिर पर 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' का हाथ है।" यह भावुक कर देने वाले शब्द मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की प्रतिभा बुरेडिया के हैं, यह महज एक बच्ची की जुबानी नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' की सफलता की वह जीवंत कहानी है

**आत्मनिर्भरता**

अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** अगर सरकार से मदद न मिलती, तो गरीबी के आगे मेरे घुटने टिक जाते और मेरी पढ़ाई हमेशा के लिए बंद हो जाती। आज मैं कॉलेज जा रही हूँ, तो सिर्फ इसलिए क्योंकि मेरे सिर पर 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' का हाथ है।" यह भावुक कर देने वाले शब्द मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की प्रतिभा बुरेडिया के हैं। यह महज एक बच्ची की जुबानी नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' की सफलता की वह जीवंत कहानी है, जो आज प्रदेश की लाखों बेटियों की जिंदगी में रोशनी बिखेर रही है। आर्थिक तंगहाली और मजबूरियों के अंधेरे को चीरकर अपनी किस्मत खुद लिखने वाली दो बेटियों-प्रतिभा बुरेडिया और ओशीन खान की दास्तान आज राष्ट्रीय पटल पर उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो तंगहाली के कारण बेटियों की पढ़ाई बीच में ही छुड़वा देते हैं।

**मजदूर की बेटियों को मिला हौसलों का आसमान**

अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के लिए दो वक्त की रोटी के साथ बच्चों को पढ़ाना एक बड़े पहाड़ जैसा था। प्रतिभा बताती हैं कि जब वह कक्षा 12वीं में थीं, तो घर की माली हालत देखकर उन्हें लगा कि अब पढ़ाई का सफर यहीं थम जाएगा। ठीक ऐसी ही कहानी वार्ड क्रमांक 18 की ओशीन खान की भी है। मध्यमवर्गीय मजदूर परिवार से आने वाली ओशीन के पिता अमजद खान पर पूरे परिवार और बच्चों की शिक्षा का भारी बोझ था। लेकिन, दोनों ही बेटियों के सपनों के आड़े गरीबी नहीं आ सकी, क्योंकि बचपन में ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनका पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में हो चुका था। योजना के तहत इन बेटियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक हर मोड़ पर वित्तीय सहारा मिला।



प्रतिभा बुरेडिया ओशीन खान





## 1.43 लाख की वित्तीय सुरक्षाः बाल विवाह पर लगाम, शिक्षा को उड़ान

प्रतिभा को कक्षा 6वीं में 2,000 रुपये की राशि, कक्षा 9वीं में 4,000 रुपये, कक्षा 11वीं में 6,000 रुपये और कक्षा 12वीं (वर्ष 2025) में 6,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिली। इस वित्तीय सहायता के दम पर दोनों बेटियों ने साल 2025 में न सिर्फ 12वीं की परीक्षा शानदार अंकों से उत्तीर्ण की, बल्कि कॉलेज की दहलीज पर भी कदम रख दिया। वर्तमान में प्रतिभा को कॉलेज के प्रथम वर्ष के लिए 12,500 रुपये की किश्त मिल चुकी है, वहीं ओशीन को स्नातक स्तर पर दो किश्तों में कुल 25,000 रुपये की सहायता मिल रही है। जनसम्पर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने गुरुवार को बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की यह योजना केवल एक आर्थिक मदद नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक बड़ा आंदोलन बन चुकी है। योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को जन्म से लेकर 21 वर्ष की आयु पूरा होने तक कुल 1,43,000 रुपए की वित्तीय सहायता राशि चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाती है। बेटियों के जन्म के प्रति रूढ़िवादी समाज की सोच को बदलकर उसे प्रोत्साहित करना। बालिकाओं की शिक्षा को बिना किसी बाधा के उच्च स्तर तक ले जाना। बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर पूरी तरह रोक लगाना (क्योंकि योजना का लाभ तभी मिलता है जब बेटी की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में न हुई हो।

**मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

आज जब ये बेटियाँ हाथ में कॉलेज की किताबें लेकर आगे बढ़ रही हैं, तो उनके चेहरों पर एक नया आत्मविश्वास है। प्रतिभा और ओशीन कहती हैं, "यह योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**मजदूर की बेटियों को मिला हौसलों का आसमान**





बेटियों को बोझ समझने वाली सोच को इस योजना ने जड़ से खत्म कर दिया है। हम मुख्यमंत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हैं, जिन्होंने हमारे सपनों को मरने नहीं दिया।"

अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के लिए दो वक्त की रोटी के साथ बच्चों को पढ़ाना एक बड़े पहाड़ जैसा था।

प्रतिभा बताती हैं कि जब वह कक्षा 12वीं में थीं, तो घर की माली हालत देखकर उन्हें लगा कि अब पढ़ाई का सफर यहीं थम जाएगा। ठीक ऐसी ही कहानी वार्ड क्रमांक 18 की ओशीन खान की भी है।

मध्यमवर्गीय मजदूर परिवार से आने वाली ओशीन के पिता अमजद खान पर पूरे परिवार और बच्चों की शिक्षा का भारी बोझ था।

लेकिन, दोनों ही बेटियों के सपनों के आड़े गरीबी नहीं आ सकी, क्योंकि बचपन में ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनका पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में हो चुका था।

योजना के तहत इन बेटियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक हर मोड़ पर वित्तीय सहारा मिला।

# समय आ गया है कि बड़े अफसरों को आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएः कोर्ट

**कोर्ट का आग्रह**

कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह इस फैसले को सीधे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज, ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह इस बात को स्वीकार करें कि अब वह समय आ गया है, जब वरिष्ठ अफसरों और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को उनके विभागों या उनके अधीन काम करने वालों की चूकों के लिए जवाबदेह और यहां तक कि आपराधिक रूप से भी जिम्मेदार ठहराया जाए। जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच ने कहा कि राज्य को उच्च जिम्मेदारी का सिद्धांत अपनाना चाहिए, जिसके तहत प्रशासनिक पदानुक्रम में वरिष्ठ अफसरों को जवाबदेह ठहराया जाता है। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि उचित मामलों में उन्हें अपने अधीन काम करने वालों द्वारा किए गए गलत कामों या चूकों को रोकने या दंडित करने में उनकी विफलता के लिए आपराधिक रूप से भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। बेंच ने अपने 16 पृष्ठ के आदेश में कहा, ह्यवरिष्ठ अफसरों को अपने अधीन काम करने वालों के आचरण और प्रदर्शन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना उनकी पेशेवर और प्रशासनिक, दोनों तरह की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने संस्थागत पतन के दो अलग-अलग रूपों के प्रति आगाह किया- मन का भ्रष्टाचार जिसके तहत आधिकारिक सत्ता की आड़ में निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को जानबूझ कर विकृत किया जाता है।



# वोडाफोन आइडिया ने मेटा के साथ की साझेदारी

**टेक्नोलॉजी**

साइलेन्ट मोबाइल वैरीफिकेशन एक सुरक्षित, नेटवर्क आधारित आथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, वोडाफोन आइडिया ने आज वी के यूजर्स के लिए मेटा प्लेटफॉर्म्स व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साइलेन्ट मोबाइल वैरिफिकेशन क्षमताएं लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे लाखों यूजर सुरक्षित, सहज एवं पासवर्ड रहित डिजिटल अनुभव पा सकेंगे।

साइलेन्ट मोबाइल वैरीफिकेशन एक सुरक्षित, नेटवर्क आधारित आथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी है जो यूजर के मोबाइल नंबर को बैकग्राउंड में ही वैरिफाय कर देती है। इसके लिए यूजर को न तो वैरिफिकेशन क्रेडेंशियल मैनुअली डालने पड़ते हैं, न ही ऐप्स के बीच स्विच करना पड़ता है, और न ही वैरिफिकेशन मैसेज का इंतजार करना पड़ता है। जब भी वी का यूजर वी मोबाइल नेटवर्क पर व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करता है, तो वैरिफिकेशन की रिक्वेस्ट सीधे टेलीकॉम नेटवर्क के जरिए वैरिफाय हो जाती है, जिससे यूजर को एक तेज और बिना किसी रुकावट वाला अनुभव मिलता है। वी के यूजर्स को नए यूजर रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नंबर वैरिफिकेशन, लॉग-इन और री-लॉग-इन, अकाउंट रिकवरी और सिक्योरिटी चैक के दौरान ऑथेंटिकेशन जैसी स्थितियों में एसएमवी-सपोर्टेड अनुभव मिल सकते हैं।

# जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा मोदी सरकार के 12 वर्षों का उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसेवा, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के हित और जनकल्याण से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम का क्रियान्वयन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसहभागिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन न होकर जनभागीदारी और जनजागरण का व्यापक अभियान बनें। उन्होंने कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत न्यूनतम 05 करोड़ पौधों का रोपण किया जाए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक बने। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों की पर्याप्त उपलब्धता, जियो टैगिंग तथा उनके संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# होंडा इंडिया फाउंडेशन ने हरियाणा का पहला ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन आम लोगों के लिए खोला

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ः** होंडा इंडिया फाउंडेशन ने आज महेंद्रगढ़ के ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन  का उद्घाटन किया, जो हरियाणा में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसका मकसद नए ड्राइवरों को ड्राइविंग प्रैक्टिस और रोड सेफ्टी ट्रेनिंग के लिए एक सुरक्षित, व्यवस्थित जगह देना है। यह सुविधा आम लोगों के लिए खुली होगी, मुफ़्त होगी और इस इलाके के सभी नए ड्राइवर इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पहल का मकसद कई टियर 2 और टियर 3 शहरों में एक आम कमी को दूर करना है, जहाँ फॉर्मल ड्राइविंग प्रैक्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित पहुँच के कारण अक्सर सीखने वाले पब्लिक सड़कों पर प्रैक्टिस करते हैं, जिससे नए ड्राइवरों और सड़क इस्तेमाल करने वाले दूसरे लोगों के लिए सुरक्षा का खतरा बढ़ जाता है। ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन में खास प्रैक्टिस ट्रैक और थ्योरी सेशन के लिए एक क्लासरूम शामिल है। इस पहल के जरिए, होंडा इंडिया फाउंडेशन का मकसद ड्राइवर का कॉन्फिडेंस, कंट्रोल और रोड अवेयरनेस को बेहतर बनाना है, साथ ही जिले में सुरक्षित और ज्यादा ज़िम्मेदार रोड बिहेवियर को बढ़ावा देना है।

# एक पेड़ मां के नामः 5 करोड़ पौधे लगाएगा यूपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ। प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।



**कुकरैल वन क्षेत्र में होगा वृहद पौधरोपण**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**जनसहभागिता से प्रदेश मनाएगा उत्सव**

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा।

वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमका जशपुर का सरडीह, स्वच्छ एवं हरित ग्राम श्रेणी में देश में तीसरा स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत सरडीह ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार के अंतर्गत सरडीह पंचायत को थीम-5 स्वच्छ एवं हरियाली ग्राम श्रेणी में संयुक्त रूप से देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए पंचायत को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में 03 जून को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में ग्राम पंचायत सरडीह के सरपंच रामजी राम भगत एवं सचिव ईश्वर प्रसाद यादव ने यह सम्मान ग्रहण किया। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री एवं मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, उप संचालक पंचायत सुश्री कुसुम बड़ा, जनपद पंचायत बगीचा की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नागेश तथा एडीपीएम श्री नवनीत कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

**विशिष्ट पहचान**

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

**जनभागीदारी और नवाचार की मिसाल बना सरडीह**

कलेक्टर रोहित व्यास ने इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि सरडीह की सफलता सामुदायिक सहभागिता, नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

विश्व पर्यावरण दिवस विशेषः प्रकृति का संरक्षणः वर्तमान की आवश्यकता, भविष्य की जिम्मेदारी

# तकनीकी नवाचार से सशक्त हो रहा पर्यावरण संरक्षण

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक जनसंपर्क**

**सुनील त्रिपाठी**

**सहायक संचालक, जनसंपर्क**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** धरती केवल हमारे रहने का स्थान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, हरे-भरे वन और समृद्ध जैव विविधता ही मानव सभ्यता के अस्तित्व का आधार हैं। लेकिन आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने पूरी दुनिया के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी अंततः मानव जीवन के लिए ही खतरा बन सकती है। इसलिए आज आवश्यकता ऐसी विकास नीति की है जो समृद्धि के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी सुरक्षित रखे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार इसी संतुलित विकास की अवधारणा को आगे बढ़ा रही है। राज्य में पर्यावरणीय शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए प्रदूषण नियंत्रण, संसाधन संरक्षण और सतत विकास की दिशा में अनेक





महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

**पर्यावरण संरक्षण में तकनीकी क्रांतिः ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली**

21वीं सदी में तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन और संसाधन संरक्षण का प्रभावी उपकरण बन चुकी है। पर्यावरणीय निगरानी के क्षेत्र में ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम इसी परिवर्तन का प्रतीक है। पहले जिन क्षेत्रों तक पहुँचना कठिन था, जहाँ प्रदूषण के स्रोतों की सटीक पहचान में समय लगता था, वहाँ अब अत्याधुनिक सेंसरों से लैस ड्रोन कुछ ही मिनटों में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं।

**ड्रोन तकनीक के माध्यम से**

ड्रोन तकनीक के माध्यम से **PM2.5** एवं **PM10** जैसे सूक्ष्म कणों की निगरानी, सल्फर डाइऑक्साइड  एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड  जैसे गैसीय प्रदूषकों का विश्लेषण, औद्योगिक चिमनियों से निकलने वाले उत्सर्जन की ऊँचाई पर निगरानी, नदियों एवं जलाशयों की जल गुणवत्ता का परीक्षण, अवैध अपशिष्ट निस्तारण की पहचान तथा प्रदूषण प्रभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की सटीक मैपिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं।

इससे प्रदूषण स्रोतों की शीघ्र पहचान, वैज्ञानिक विश्लेषण तथा त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई संभव हो रही है।

**स्मार्ट पर्यावरणीय शासन की दिशा में अग्रसर छत्तीसगढ़**

पर्यावरणीय चुनौतियाँ लगातार बदल रही हैं। ऐसे में पारंपरिक निगरानी व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना समय की मांग है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी दृष्टिकोण के साथ तकनीक आधारित पर्यावरणीय शासन को प्राथमिकता दी है।

**24 घंटे वायु गुणवत्ता पर निगरानी**

राज्य में कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम का विस्तार किया जा रहा है। यह प्रणाली चौबीसों घंटे वायु की गुणवत्ता का विश्लेषण कर वास्तविक समय में आंकड़े उपलब्ध कराती है। इससे प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक आकलन संभव हो रहा है तथा नागरिकों को भी वायु गुणवत्ता संबंधी जानकारी प्राप्त हो रही है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक, कांवड़ समितियों के पंजीकरण की प्रक्रिया समय से शुरू करने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित कांवड़ समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। तैयारियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कांवड़ समितियों के पंजीकरण की प्रक्रिया समय से शुरू की जाए। इसके लिए 1 जुलाई से पंजीकरण शुरू करने की दिशा में सभी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। बैठक में कला एवं संस्कृति मंत्री और कांवड़ समिति के अध्यक्ष कपिल मिश्रा, समिति के सदस्य विधायक अजय महावर, अनिल वाजपेयी, करतार सिंह तंवर, संजय गोयल और उमंग बजाज सहित विभिन्न विभागों के



वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब और अन्य संबंधित विभागों ने अपनी तैयारियों की जानकारियां दीं।

समीक्षा बैठक में कांवड़ समितियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि बड़े शिविरों के लिए मौजूदा अनुदान राशि पर्याप्त नहीं है, क्योंकि टेंट और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर अधिक खर्च आता है। कुछ समितियों ने अनुदान बढ़ाने या पहले की तरह सरकार द्वारा सीधे टेंट उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वासन दिया कि सरकार सभी सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार करेगी और जरूरत पड़ने पर अनुदान राशि में बढ़ोतरी भी की जा सकती है।

### सरकार का लक्ष्य कांवड़ समितियों को हरसंभव सहयोग देना हैः सीएम रेखा गुप्ता

सीएम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य कांवड़ समितियों को हरसंभव सहयोग देना है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में पिछले वर्ष सामने आई चुनौतियों और सुझावों की भी समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने मोबाइल शौचालयों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने, 247 चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, गैस सिलेंडरों की निर्बाध उपलब्धता, समयबद्ध होर्डिंग और प्रचार सामग्री लगाने तथा वर्षा के दौरान जलभराव



की समस्या से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कांवड़ शिविरों में स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को 24 घंटे चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग शिफ्टों में तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि दिन और रात दोनों समय इलाज की सुविधा मिल सके।

# मालवीय नगर अग्निकांडः मृतक परिजनों को 10 लाख



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर अग्निकांड में घायल लोगों का हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की, उनके परिजनों से बात की और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन मृतकों के परिजन अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनके पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत की जाएं। अस्पताल में भर्ती घायलों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार उनके साथ है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों से प्रत्येक मरीज की स्थिति की व्यक्तिगत जानकारी ली और उपचार प्रक्रिया की निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मरीज गंभीर स्थिति में हैं और कुछ को वेंटिलेटर पर रखा गया है। प्रभावितों में भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, कैमरून, लीबिया सहित अन्य देशों के नागरिक भी हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और विदेशी नागरिकों के मामलों में भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल में भर्ती घायलों और उनके परिजनों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि हादसे के समय स्थानीय लोगों, होटल कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य स्वयंसेवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई लोगों को सुरक्षित निकाला। कई घायलों को मौके पर ही सीपीआर देकर उनकी जान बचाने का प्रयास किया गया। संकट की इस घड़ी में उनका साहस, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

# मालवीय नगर अग्निकांड को लेकर मुख्यमंत्री ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मालवीय नगर अग्निकांड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, अनधिकृत निमार्णों और अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित होने वाली इस बैठक में दिल्ली पुलिस, राजस्व विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, डीडीए, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली जल बोर्ड तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मालवीय नगर के एक गेस्ट हाउस में लगी भीषण आग की घटना के पीछे

**बैठक बुलाई**

**अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई**

रही कमियों की गंभीरता से जांच की जाएगी और इसकी जवाबदेही निर्धारित होगी।

उन्होंने दोहराया कि राजधानी में अवैध संपत्तियों, बिना अनुमति संचालित हो रहे होटलों एवं गेस्ट हाउसों तथा उन सभी संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो अग्नि सुरक्षा नियमों और भवन उपविधियों (बिल्डिंग बाय-लॉज) का उल्लंघन कर रहे हैं।

# लाल किला ब्लास्ट मामले के सभी दस आरोपित पटियाला हाउस कोर्ट में हुए पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के लाल किला के पास ब्लास्ट मामले के सभी दस आरोपितों को गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस मामले में सभी दस आरोपितों के खिलाफ 14 मई को चार्जशीट दाखिल की थी। एनआईए के मुताबिक, इस ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हुई थी। करीब 7500 पन्नों की चार्जशीट में एनआईए ने बम ब्लास्ट करने




वाले उमर उन नबी (मृतक) को भी आरोपी बनाया है। एनआईए ने चार्जशीट दाखिल करते समय कहा कि वो इसके आगे पूरक चार्जशीट दाखिल कर सकती है। एनआईए के मुताबिक 10 नवंबर 2025 को लाल किले के बाहर हुए कार बम विस्फोट की योजना उमर उन नबी ने बनाई । उमर उन नबी की मौके पर ही मौत हो गई । एनआईए ने आरोपित दानिश को श्रीनगर से गिरफ्तार किया था। एनआईए के मुताबिक, दानिश ने ड्रोन में तकनीकी बदलाव किए थे और कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट तैयार करने की कोशिश की।

# आईजीएनसीए में ग्रीन ड्रीम्स : ईको डिजिटल स्टोरीज का शुभारंभ शुक्रवार को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कला और तकनीक के अनूठे संगम के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में शुक्रवार को एक विशेष पेपरलेस मल्टीमीडिया प्रस्तुति ग्रीन ड्रीम्स : ईको डिजिटल स्टोरीज' का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य रचनात्मक और डिजिटल माध्यम से जनसामान्य को सतत जीवनशैली के प्रति



जागरूक करना है। आईजीएनसीए के अनुसार इस प्रस्तुति में पर्यावरण, प्रकृति और इंसानी संवेदनाओं को जोड़ती दो बेहद प्रभावशाली डिजिटल कहानियों को दिखाया जाएगा। ये

**जीवनशैली**

**अपने रिश्तों को नए नजरिए से देखने और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा**

कहानियां भोपाल के 'एकलव्य प्रकाशन' की पुस्तकों पर आधारित हैं, जिन्हें आधुनिक डिजिटल तकनीक के जरिए एक नए और संवेदनशील रूप में ढाला गया है। पहली कहानी लूप/चक्कर है। यह एक गैर-शाब्दिक यात्रा है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक छोटा सा बीज विकसित होकर विशाल जंगल बनता है और किस तरह मानवीय हस्तक्षेप उस प्राकृतिक व्यवस्था में व्यवधान पैदा करता है। दूसरी कहानी साइकिल का सपना है। यह कहानी पर्यावरण चेतना और स्थिरता पर आधारित है। इसमें एक साइकिल के सपनों और अंततः प्रकृति के पक्ष में उसके फैसले को बेहद मार्मिक ढंग से पेश किया गया है। कला, लोककथाओं और डिजिटल तकनीक के मिश्रण से पर्यावरणीय जागरूकता को समाज में गहराई तक पहुंचाया जा सकता है। यह विशेष प्रदर्शनी 5-12 जून तक चलेगी। दर्शकों के लिए प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 07 बजे तक खुली रहेगी। आम जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क है। आईजीएनसीए के अनुसार यह कार्यक्रम दर्शकों को प्रकृति के साथ अपने रिश्तों को नए नजरिए से देखने और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गुरुवार को शाहदरा नॉर्थ जोन के कर्दमपुरी वार्ड का निरीक्षण किया।

# कर्नाटक में छात्रों के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा के निर्णय का एनएसयूआई ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने कर्नाटक सरकार द्वारा छात्रों को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे छात्र समुदाय की जीत बताया। संगठन ने कहा कि कर्नाटक में एनएसयूआई ने छात्रों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने और शिक्षा तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से सरकार के समक्ष निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन सुविधा की मांग प्रमुखता से उठाई थी। सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए छात्रों के हित में यह सकारात्मक कदम उठाया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने छात्रों को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने के निर्णय पर कहा कि यह निर्णय लाखों

**स्वागत**

**शिक्षा तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन सुविधा की मांग उठाई थी**

छात्रों की एक महत्वपूर्ण जीत है। निःशुल्क यात्रा सुविधा से छात्रों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में अधिक सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार का आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने छात्रों की चिंताओं को समझते हुए इस जनहितकारी निर्णय को लागू किया।

# जितेंद्र सिंह ने पेटेंट फाइलिंग, रिसर्च पेपर लेखन प्रशिक्षण के लिए एएनआरएफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने देश के शोधकताओं, छात्रों और नवाचारकताओं को पेटेंट फाइलिंग तथा शोधपत्र लेखन में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एएनआरएफ समर्थित एक डिजिटल पोर्टल शुरू करने की घोषणा की है। डॉ. सिंह ने गुरुवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की संयुक्त समीक्षा बैठक में यह घोषणा की। बैठक में विभिन्न वैज्ञानिक पहलों, संस्थागत समन्वय, विज्ञान प्रशासन सुधारों,



जनसंपर्क गतिविधियों और आगामी राष्ट्रीय विज्ञान कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नया पोर्टल शोधकताओं और युवा नवाचारकताओं को वैज्ञानिक लेखन, प्रकाशन प्रक्रिया, बौद्धिक संपदा संरक्षण और पेटेंट संबंधी प्रक्रियाओं पर संरचित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा। इससे शोध की गुणवत्ता बढ़ेगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और वैज्ञानिक कार्यों को प्रकाशनों तथा बौद्धिक संपदा संपत्तियों में परिवर्तित करने में मदद मिलेगी। डॉ. सिंह ने विभिन्न वैज्ञानिक विभागों और संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अनुसंधान एवं नवाचार से अधिकतम राष्ट्रीय लाभ प्राप्त करने के लिए सभी वैज्ञानिक संगठनों को एकीकृत और सहयोगात्मक तरीके से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संस्थान समान प्रकृति के कार्य कर रहे हैं, लेकिन विभागों के बीच जानकारी के आदान-प्रदान की कमी के कारण उपलब्ध विशेषज्ञता का पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

### मारुति सुजुकी ने जारी एक बयान में कहा कि भारत का पहला फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन लॉन्च किया गया

# मारुति सुजुकी इंडिया ने भारत की पहली 'फ्लेक्स फ्यूल' कार की लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को भारत की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार वैगन आर लॉन्च की, जिसे विशेष रूप से इथेनॉल मिश्रित ईंधन के अनुकूल बनाया गया है। मारुति की नई वैगन-आर पूरी तरह से ई85 फ्यूल (85 फीसदी तक एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) से चलने में सक्षम है। मारुति सुजुकी ने जारी एक बयान में कहा कि भारत का पहला फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन लॉन्च किया गया, जो ई20 से लेकर ई100 तक के किसी भी इथेनॉल-पेट्रोल मिश्रण पर चलने में सक्षम है। कंपनी ने बताया कि यह सरकार के इथेनॉल मिश्रण को बढ़ाने, कच्चे तेल के आयात को कम करने, ऊर्जा सुरक्षा को बेहतर बनाने और

**मिश्रित**

**मारुति की नई वैगन-आर पूरी तरह से ई85 फ्यूल (85 फीसदी तक एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) से चलने में सक्षम है**

कार्बन उत्सर्जन को घटाने के प्रयासों के अनुरूप है। कंपनी ने बताया कि लोकप्रिय मॉडल वैगनआर में फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक की पेशकश ऊर्जा सुरक्षा और टिकाऊ वृद्धि के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। मारुति ने कहा कि यह कार ई20 पेट्रोल से लेकर ई100(करीब शुद्ध इथेनॉल) तक के किसी भी मिश्रण वाले ईंधन पर चल सकती है। इसमें उन्नत इंजन नियंत्रण इकाई (ईसीयू) लगी होती है, जो पेट्रोल




में इथेनॉल की अलग-अलग मात्रा के हिसाब से अपना अनुकूलन खुद कर सकती है। कंपनी ने कहा कि फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बड़े पैमाने पर अपनाने से इथेनॉल की मांग में दीर्घकालिक वृद्धि हो सकती है, जिससे चीनी और इथेनॉल क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत हर साल बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है एवं इथेनॉल जैसे जैव ईंधन इस निर्भरता को कम करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। गडकरी ने आगे कहा, ह्यफ्लेक्स-फ्यूल वाहन एथनॉल की मजबूत एवं स्थिर मांग पैदा कर किसानों, उद्योग और पर्यावरण तीनों को लाभ पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत की इथेनॉल यात्रा ह्यथमने वाली नहींह्र है और इससे किसानों को ह्यअन्नदाताह्र से ह्यऊजार्दाताह्र बनने में मदद मिली है। पुरी ने कहा कि फ्लेक्स-फ्यूल वाहन कच्चे तेल के आयात में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत और उत्सर्जन घटाने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेंगे। वहीं, कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कंपनी बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी), हाइब्रिड, सीएनजी/सीबीजी और फ्लेक्स-फ्यूल जैसी विभिन्न प्रौद्योगिकियों एवं ईंधनों पर आधारित मॉडल पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन में कटौती के दोहरे लक्ष्य हासिल किए जा सकें।

# कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक का सहायक उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक के सहायक उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। ईडी के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने 1 जून को उसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार किया। विशेष पीएमएलए अदालत, पंचकूला ने सिंह को नौ दिन की ईडी कस्टडी में भेजा है, जो 9 जून तक रहेगी। जांच की शुरूआत एसीबी, पंचकूला द्वारा दर्ज एफआईआर से हुई थी। इसमें कोटक महिंद्रा बैंक के अज्ञात अधिकारियों पर नगर निगम पंचकूला के 145 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप लगाया गया था। ईडी की जांच में सामने आया कि नगर निगम अधिकारियों, बैंक अधिकारियों और निजी व्यक्तियों ने मिलकर सरकारी धन की हेराफेरी की। दिलीप कुमार राघव (कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर) ने पुष्पेन्द्र सिंह और विकास कौशिक (पूर्व वरिष्ठ लेखा अधिकारी, नगर निगम पंचकूला) के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम के नाम से दो बैंक खाते खोले। इन खातों से धन को फर्जी प्राधिकरण पत्रों के जरिए इन अवैध खातों में स्थानांतरित किया गया। बाद में यह रकम राजत दहरा, स्वाति तोमर, कपिल कुमार और विनोद कुमार जैसे फाइनेंसर्स को भेजी गई। जांच में पाया गया कि ये सभी फाइनेंसर्स पुष्पेन्द्र सिंह के निदेशों पर काम कर रहे थे। ईडी ने बताया कि इन फाइनेंसर्स द्वारा प्राप्त धन को वापस पुष्पेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी प्रीति ठाकुर के पास भेजा गया।

# मुख्यमंत्री ने 36 हजार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची नौकरी देकर योग्यता के सम्मान का दिया प्रमाणः सुमन सैनी

बैठक

**सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव, गली-गली, पहुंचाना सुनिश्चित करें कार्यकर्ता : सुमन सैनी**




**लाड़वा 4,जून (विजय कौशिक)** : हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार ने बीते एक वर्ष में 36 हजार युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी है। यह डबल इंजन की सरकार में योग्यता के सम्मान का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा संकल्प देश के युवाओं को अपने पाँवों पर खड़ा करने के लिए ठोस अवसर उपलब्ध कराना है।हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को लाडवा में आयोजित कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रही थी। उनका लाडवा पहुंचने पर पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन के बाद लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश भी दिए।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार चलाते हुए राष्ट्र को उसकी नई नियति से मिलाने का कार्य किया है। जिस भारत को कभी कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंचने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व को बताया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। उन्होंने देश के लिए अनुच्छेद 370 की समाप्ति, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक से मुक्ति, चंद्रयान-3 की सफलता दिलवाई है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला किया तो प्रधानमंत्री ने दुनिया को दिखा दिया कि नया भारत घर में घुसकर मारता है। ऑपरेशन सिंदूर का नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। भारत माता के वीर सपूतों ने 9 आतंकी ठिकानों को धूल में मिला दिया। यह नए भारत का स्वाभिमान है, जो शान्ति चाहता है, परन्तु उकसाने वालों को माफ नहीं करता। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के लिए पंक्ति के अंतिम में खड़ा हुआ व्यक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में अंत्योदय की नीति से कार्य कर रहे हैं। अंतिम व्यक्ति को आगे लाने के लिए नीतियों बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से अभाव और अनिश्चितता झेल रहे किसान को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार से दोहरी सुरक्षा प्राप्त हुई है। प्रदेश में किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 20 लाख 18 हजार किसानों के बैंक खातों में 7 हजार 562 करोड़ रुपये की राशि 22 किस्तों में सीधे पहुंचाई जा चुकी है।उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव, गली-गली, द्वार-द्वार जाकर पहुंचाना सुनिश्चित करें और जनता ने आपके परिश्रम को सम्मान दिया कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश में एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, उनका सहयोग करें और अपनी जानकारी को अपडेट करवाकर सरकार के इस कार्य को पूरा करवाएं। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान, जिला सचिव नरेंद्र सिंगल, जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल, चेयरमैन डा. गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, चेयरमैन सतीश मथाना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, सतबीर मंगोली, राजकुमार सैनी, नायब सिंह पटाक माजरा, परमजीत कश्यप, सन्नी कालड़ा, पूनम सैनी सहित अन्य गणमान्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

शिविर

**समस्या के समाधान के लिए शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 4 जून(मैनपाल कश्यप)**
एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जा सके।

एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ है, जिससे समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता और गति आई है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। एसडीएम ने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः: 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने उपमंडल के नागरिकों से अपील की है कि वे समस्या के समाधान के लिए निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं। समाधान शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई कर उनका समाधान किया जा रहा है।

# 'वंदे मातरम' व हरियाणवी लोकगीतों की गूंज से महका बाल भवन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि हरियाणावी लोकगीत एवं देश-भक्ति (वन्दे मातरम्) पर आधारित कार्यशाला, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला के संयुक्त तत्वाधान में 10 दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होनें बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 1 जून 2026 से 10 जून 2026 तक लघु बाल भवन अम्बाला छावनी में हरियाणावी लोकगीत एवं देश-भक्ति (वंदे मातरम) गीतों पर आधारित 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं।

इस कला कार्यशाला में बच्चे हरियाणा की संस्कृति, इतिहास, भाषा को समझ सके और उसे सम्मान दे सके, इस कार्यशाला में बाल भवन प्रोजेक्ट से, ओपन शेल्टर होम एवं स्लम एरिया से 50 से अधिक बच्चे प्रतिदिन भाग ले रहे है।

इस कार्यशाला के संगीत निर्देशक दीपक गुलजार एवं उनके सह कलाकार बच्चों को अच्छे से अभ्यास करा रहे है। इस हरियाणवी लोक गीतों के माध्यम से हरियाण संस्कृत, भाषा, इतिहास के बारे में बच्चों को अवगत करवाया जा सकता है इस दस दिवसीय कार्यशाला में हरियाणवी लोक गीत देश भक्ति (वन्दे मातरम) सिखाये जायेंगे । इस अवसर पर बाल भवन से मंजीत सिंह, सचिन गुप्ता, दर्शन कुमार, प्रियंका रानी द्वारा इस कार्यशाला में बच्चों के साथ उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का उद्वेश्य बच्चों में देश भक्ति, हरियाणवी लोक कला एवं उनके हुनर को जागृत करना है जिसके लिए बाल भवन निरंतर तत्पर है।

# यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 4,जून (विजय कौशिक)** : यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा अत्यधिक गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी की छबील लगाई गई। जिससे अकादमी के खिलाड़ियों तथा आम राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाई जा सके। संगठन के अध्यक्ष जोगध्यान ने बताया कि आजकल नौतपा होने के कारण मौसम में अत्यधिक गर्मी है। इस भीषण गर्मी में भी लोग घरों से बाहर निकाल कर अपने कार्यों और व्यवसायों में लगे रहते हैं। लेकिन अत्यधिक गर्मी के कारण उन्हें कई बार ठंडे पानी की कमी तथा लू जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

हमारी सनातन संस्कृति में भी अत्यधिक गर्मी में ठंडा पानी पिलाना बहुत अच्छा माना गया है। इसी क्रम में संगठन के सदस्यों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि ठंडे पानी की एक छबील लगाई जाए।

# सांसद नवीन जिंदल ने प्रथम गर्ग को जे ई ई एडवांस्ड में 450 रैंक लेने पर दिया आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 4, जून (विजय कौशिक)** : संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा लाडवा के मेधावी छात्र प्रथम गर्ग, जिसने जे ई ई एडवांस्ड 2026 में 450 रैंक व जिला कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया को कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल जी एवं हिसार विधानसभा से विधायक सावित्री जिंदल ने बधाई व आशीर्वाद दिया । दोनों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की । विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा एवं अध्यापकों ने नवीन जिंदल को पुष्पगुच्छ देकर मुलाकात की एवं उन्हें प्रथम गर्ग की उपलब्धि की जानकारी दी । प्रधान पवन गर्ग ने कहा की माननीय सांसद नवीन जिंदल द्वारा आयोजित रोजगार मेला निश्चित तौर पर एक सराहनीय कदम है जिससे युवाओं में कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के प्रति एक नयी जागरूकता पैदा होगी । उन्होंने प्रथम गर्ग की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथम गर्ग से विद्यालय के अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे । इस अवसर पर लाडवा से सक्रिय समाजसेविका आशा शर्मा, राजबीर शर्मा, प्रथम गर्ग के पिता नवीन गर्ग, पूनम शर्मा, मोनिका जिंदल एवं अमन शर्मा भी उपस्थित रहे ।

## न्यूज फ्लैश

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में सोनीपत सहित देशभर में किसानों ने जलाए पुतले



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के आह्वान पर भारत-अमेरिका के मध्य प्रस्तावित व्यापार समझौते के विरोध में देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले जलाए गए। सोनीपत में विरोध प्रदर्शन झरोठी टोल पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसान जुटे। प्रदर्शन में जिला प्रधान बेदी दहिया, प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया, जिला सचिव बुधराम कोहाड़, जिला प्रवक्ता देशपाल दहिया, जिला संयोजक इंद्रजीत राणा, चुन्नी हलालपुर, राजसिंह दहिया, जिला उपप्रधान समुंदर तोमर सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि भारत की लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर है। भारतीय कृषि मुख्यतः छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका में कृषि बड़े पैमाने पर यंत्रीकृत, कॉर्पोरेट आधारित तथा भारी सरकारी सहायता और सब्सिडी वाली व्यवस्था के तहत चलती है। ऐसी असमान परिस्थितियों में दोनों देशों के कृषि उत्पादों के बीच खुली प्रतिस्पर्धा भारतीय किसानों के लिए घातक होगी। किसान नेताओं ने चेताया कि यदि कृषि, डेयरी, पोल्ट्री और अन्य कृषि-आधारित उत्पादों को मुक्त व्यापार समझौते में शामिल किया गया या अमेरिकी उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर भारत में प्रवेश मिला तो किसानों की आय, कृषि रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश की खाद्य व पोषण सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। मोर्चा ने मुक्त व्यापार समझौते के सात संभावित खतरों को गिनाया। इनमें अमेरिकी किसानों को मिलने वाली अरबों डॉलर की सरकारी सहायता से भारतीय किसानों को असमान प्रतिस्पर्धा, डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र पर संकट, सस्ते आयात से फसलों के दाम गिरना, ग्रामीण रोजगार में कमी, खाद्य संप्रभुता पर खतरा, कृषि व्यापार घाटा बढ़ना और विदेशी कंपनियों का भारतीय बाजार पर प्रभाव बढ़ना शामिल है। संयुक्त किसान मोर्चा ने सात प्रमुख मांगें रखीं। मांग की गई कि प्रस्तावित समझौते से कृषि, डेयरी, पोल्ट्री, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित सभी कृषि उत्पादों को बाहर रखा जाए। सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी उत्पादों के कर-मुक्त या न्यूनतम शुल्क पर आयात की अनुमति न दी जाए। किसी भी समझौते से पहले किसान संगठनों से परामर्श किया जाए और एमएसपी, सार्वजनिक खरीद व पीडीएस व्यवस्था से कोई समझौता न हो।

# बाबा बंसी वाला में श्री अग्रवाल सभा महिला विंग ने किया भजन सत्संग।

**लाड़वा 4, जून ( विजय कौशिक) :** श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग द्वारा पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में ठाकुर जी की नौका विहार व भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं व वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों ने हर्षोल्लास पूर्वक भाग लिया।महिला विंग की प्रधान पूनम सिंगला ने बताया कि हर 3 साल के बाद यह अधिक मास आता है। जिसमें भगवान विष्णु की अराधना, पूजा पाठ, जप तप व दान पुण्य जैसे कार्य करने से कई गुणा पुण्य लाभ प्राप्त होते हैं। इसी उपलक्ष्य में महिला विंग द्वारा बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में ठाकुर जी की नौका विहार व भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया।

# लाड़वा के मंदीप सिंह की कनाडा में डूबने से मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 4,जून (विजय कौशिक):** श्री सनातन धर्म महाबीर दल लाडवा के उप प्रधान राम कुमार के भतीजे मनदीप खाकट पुत्र प्रदीप की करीब दस दिन पहले कनाडा मे स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई थी। मंदीप के परिवार में उसके माता पिता उसका बड़ा भाई व उसका परिवार है। लाड़वा के 21 वर्षीय मंदीप सिंह की कनाडा हेमिल्टन में पानी में डुबने से मौत हो गई। मंदीप सिंह के पिता प्रदीप कुमार ने कहा कि उनका बेटा चाइल्ड हेल्थ केयर में जॉब करता था। यह हादसा 20 मई को हेमिल्टन में कनाडा में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुआ उस समय भारत में करीब रात के 1 बजे रात बजे थे। मंदीप के मालिक जहां वो जॉब करता था उन्होने परिवार को मंदीप के डूबने की जानकारी दी। तीन दिन बाद डॉक्टरों ने मंदीप को बचाने की कोसिस की लेकिन दिमाग में पानी भरने से उसका दिमाग डेमैज हो गया। 23 मार्च को करीब रात 10 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंदीप के पिता प्रदीप ने जानकारी देते हुए कहा कि उनका बेटा मंदीप सिंह 4 फुट पानी में नहा रहा था। स्विमिंग पूल में फिसलन के कारण ये हादसा हुआ। उनके बेटे की स्विमिंग पूल में फिसलने से वो गहरे पानी में चला गया। जिससे उसके दिमाग में पानी भर गया जिससे उसकी मौत हो गई। छह से सात डॉक्टरों की टीम ने मंदीप सिंह को बचाने में कोसिस की।

# जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में डीसी ने तय की कार्ययोजना

दिशा-निर्देश

**गैर संचारी रोगों की रोकथाम के साथ अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए पोलियो अभियान, टीबी मुक्त अभियान, डेंगू, जल जनित बीमारियों, मातृ- मृत्य दर कम करने, शिशु मृत्य दर कम करने, डायरिया, संचारी एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम के साथ-साथ अन्य बिंदुओं बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ सिविल सर्जन डा. रेणू बेरी के साथ-साथ एसएमओ मौजूद रहे।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ऐजेंड के तहत बिंदुवार जानकारी हासिल करते हुए समीक्षा की। इस मौक पर डॉ जश्न, डॉ. सीमा व डा विपिन भंडारी ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से पोलियो अभियान, टीबी मुक्त अभियान, टीकाकरण मातृ- मृत्य दर कम करने, शिशु मृत्य दर कम करने, डायरिया इत्यादि की रोकथाम के तहत जो कार्य किए जा रहे है उसकी जानकारी दी। उपायुक्त ने इस मौके पर सिविल सर्जन से स्वास्थ्य विभाग के तहत लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त ने कहा कि स्वाथ्य विभाग दवारा जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है हमें और बेहतर समन्वय बनाते हुए आमजन को यह सुविधाएं उपलब्ध करवानी है। इस मौके पर डॉ.जश्न ने उपायुक्त को बताया कि 28 जून से पल्स पोलियो अभियान का शुंभारभ किया जाएगा और इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई है।
उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग जहां कैंपों के माध्यम से आमजन को जागरूक करता है, वहीं डायरिया जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए क्या क्या सावधानी बरतनी है उस बारे भी जागरूक करें। उपायुक्त ने इसके साथ-साथ नागरिक अस्पतालों में महिलाओं की डिलवरी स्टेटस के साथ-साथ अन्य बिन्दूओं पर भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में डॉ सीमा तवर ने टीबी मुक्त अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो बारे उपायुक्त को जानकारी दी और कहा कि पंचायतों के सहयोग से ग्राम पंचायते टीबी मुक्त हुई है। इस मौके पर डॉ नीलम कुशवाहा, डॉ जश्न, डॉ सीमा तवर, डॉ विरेन्द्र बंसल, डॉ रूपिन्द्र सैनी, डॉ विपिन भंडारी, डॉ विकास, डॉ रजनी, डॉ सुनिल हरि, डॉ बलविन्द्र कौर, जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल मेहला, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, समाज कल्याण विभाग से अवतार सिंह, सीडीपीओ सुमन दहिया के साथ-साथ आंगनवाड़ी वर्कर व अन्य सम्बधिंत मौजूद रहें।

# बाल मजदूरी पर रोक सुनिश्चित करें, बच्चों के अधिकारों से समझौता नहीं: नगराधीश



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 03 जून।** नगराधीश सिमरन ने कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी बच्चे से मजदूरी करवाना कानूनन अपराध है और बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराई को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिला में बाल मजदूरी पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

जिले में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बाल मजदूरी की रोकथाम तथा जरूरतमंद बच्चों को बेहतर संरक्षण एवं पुनर्वास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गुरूवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराधीश सिमरन ने की। बैठक में बच्चों के कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

नगराधीश ने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड? अथवा अत्याचार के मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में पोक्सो एक्ट के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न सहायता योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र बच्चों तक पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेसहारा बच्चों को प्रति माह 4 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनके पालन-पोषण, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलती है। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे पात्र बच्चों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए।

नगराधीश ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हैं। इसलिए जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को संसाधनों के अभाव में शिक्षा या स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक के दौरान जिले में संचालित बाल देखभाल संस्थानों, बाल गृहों तथा अन्य संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों में रह रहे बच्चों को भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मनोरंजन सहित सभी मूलभूत सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुसार उपलब्ध करवाई जाएं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 03 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 11.06.2026 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12011(F1), 12013(F1), 12015(F1), 12045(F1), 12265(F1), 12425(F1), 12428(F1), 12442(F1), 12481(F1, R1), 12650(F1), 12802(F1), 12918(F1), 14014(F1), 15026(F1), 15530(F1), 15726 (F1), 22450 (F1). |
| 2. | 16.06.2026 को 10:30 बजे | 12004 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060(F1) (सोम, मंगल), 12060(F1) (बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि), 12350(F1), 12368(F1), 12448(F1), 12455 (F1), 12963 (F1), 13066 (F1), 13252(F1), 14164 (F1), 14679(F1), 14681 (F1, R1), 15035 (F1, F2, R1), 22461 (F1), 22950(F1). |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों को बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो कि इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है।
1914/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# वैश्विक तनावों के बीच भारत की आर्थिक दृढ़ता

**पश्चिम** एशिया में जारी तनाव, वैश्विक व्यापार में सुस्ती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर पड़ती मांग के बीच यदि कोई देश अपेक्षाकृत आत्मविश्वास के साथ आज आगे बढ़ता दिखाई देता है, तो वह भारत है। वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत में सामने आए जीएसटी संग्रह, विनिर्माण गतिविधियों और सेवा क्षेत्र के आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। वस्तुतः मई 2026 में सकल जीएसटी संग्रह लगभग 1.94 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि आर्थिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। यद्यपि शीर्ष स्तर पर यह वृद्धि केवल 3.2 प्रतिशत दिखाई देती है, किंतु रिफंड समायोजन के बाद वास्तविक राजस्व वृद्धि लगभग 9 से 10 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। यह बताता है कि अर्थव्यवस्था में उपभोग और कारोबारी गतिविधियों का आधार अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों में 4.37 लाख करोड़ रुपये का सकल जीएसटी संग्रह सरकार के लिए भी राहत का विषय है, क्योंकि इससे राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करने का विश्वास बढ़ता है। अप्रैल माह में वस्तुओं से जुड़ी कर योग्य आपूर्ति में लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि और सभी प्रमुख वस्तु श्रेणियों में विस्तार यह दशार्ता है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी खर्च करने की स्थिति में हैं। ग्रामीण और शहरी मांग में सुधार, बुनियादी ढांचे पर सरकारी निवेश तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने बाजार में सकारात्मक माहौल तैयार किया है। यहां विशेष बात यह भी है कि यह वृद्धि केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न होकर व्यापक स्तर पर दिखाई दे रही है, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत माना जाता है। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी भारत की विकास गाथा का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। मई में सर्विसेज पीएमआई का बढ़कर 59.8 पर पहुंचना उस आर्थिक परिवर्तन का प्रमाण है जिसमें भारत धीरे-धीरे एक सेवा-प्रधान वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। माल ढुलाई, डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बढ़ती मांग ने नए कारोबार को गति दी है। विशेष रूप से विदेशी बाजारों से मिलने वाले ऑर्डरों में सुधार यह दशार्ता है कि वैश्विक स्तर पर भारतीय सेवाओं की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि अप्रैल में निर्यात आधारित सेवाओं की मांग में जो कमजोरी दिखाई दी थी, वह मई में काफी हद तक दूर हो गई। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों से बढ़ती मांग यह संकेत देती है कि भारत घरेलू खपत के बल के साथ आज वैश्विक सेवा अर्थव्यवस्था में भी अपनी हिस्सेदारी मजबूत कर रहा है। विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े भी उत्साह बढ़ाने वाले हैं। मई में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई का 55.0 तक पहुंचना बताता है कि उत्पादन, खरीद और नए ऑर्डरों में निरंतर विस्तार हो रहा है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बढ़ते तापमान से जीव सृष्टि अलर्ट मोड पर



**डॉ. प्रितम भी. गेडाम**

> "जीवनावश्यक जल के लिए ऐसा संघर्ष, मजबूरी देखकर बहुत दु:ख होता हैं। प्रकृति ने हर एक के लिए शुद्ध जल, हवा, पोषक खाद्य की सुविधा की है, परंतु प्रकृति का संतुलन बिगाड़कर स्वार्थी मनुष्य ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा पैदा किया हैं। लोगों के ये हाल है तो, इस बढ़ते तापमान में जंगलों में बेजुबान वन्य पशुओं के कितने बुरे हालात होते होंगे। भौगोलिक रूप से हमारा देश उष्ण माना जाता है, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ने से वातावरण में गर्मी बढ़ी है, इससे मूल तापमान लगातार बढ़ता जाता है"

**जी**व सृष्टि के लिए केवल एकमात्र आधार पेड़ है, पेड़ खत्म मतलब पृथ्वी से जीवन समाप्त। प्रकृति का एकदम सरल नियम है कि, पेड़ हमें बचाते है, हमें उन्हें बचाना हैं। अगर हम प्रकृति की रक्षा में लिए 1 प्रतिशत भी योगदान देते है तो उसके तुलना में प्रकृति 100 प्रतिशत समृद्धि हमें लौटाती हैं। कोरोना काल में हम सबने देखा की, जब प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप थम गया था, तब प्रकृति तेजी से अपनेआप को समृद्ध कर रही थी। आज विडंबना है कि, जो निस्वार्थ समृद्ध पेड़ दशकों तक माँ की तरह हमें अपने आँचल की छांव में धूप से बचाता था, फल-फूल देता था, पंछियों का रैनबसेरा हुआ करता था, बरसात में भूमि के कटाव को रोकता था, मनुष्य के लिए जहरीली कार्बनडाय ऑक्साइड को खुद अवशोषित करके प्राणवायु ऑक्सीजन हमें देता था। वातावरण में नमी और तापमान को नियंत्रित कर प्राकृतिक स्त्रोतों को समृद्ध बनाने में मुख्य भूमिका निभाता था। आज उसी पेड़ को काटने पर लोगों को जरा भी दुःख नहीं होता, जबकि हमारे पुरे जीवन और स्वास्थ्य पर इसका गंभीर परिणाम हो रहा है, क्या हम इतने गिरे हुए स्वार्थी लोग है कि, जो हमें जीवन देगा उसकी जान हम ही लेंगे। आज प्रकृति में बदलते वातावरण की चोट हम सबको झेलनी पड़ रही है, स्वार्थी लोगों की गलत नीतियों ने संपूर्ण पर्यावरण में जहर घोल दिया हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और जंगल कटाई ने पृथ्वी पर तापमान बढ़ाया है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही हैं। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा, सड़के आग की भट्टी की तरह महसूस हो रही है और भूजल स्तर तेजी से गिर रहा हैं। खाद्यान्नों में लगातार बढ़ती घातक रासायनिक समृद्धता लोगों को मौत के मुंहाने पर धकेल रही हैं। एक दशक पहले तक जब धूप में घूमते थे, बच्चे धूप में खेलते थे, तो सिर्फ गर्मी महसूस होती थी, खेलते-खेलते किसी पेड़ के छांव में भी बैठ जाएं तो बड़ी ठंडक महसूस होती थी। लेकिन अब तो यह धूप जहरीली हो चुकी है, शरीर को तपाने के साथ उबालती, बीमार भी करती हैं। शहरों के कॉन्क्रीट के जंगल में घने छायादार वृक्ष का दिखना भी



दुर्लभ होता जा रहा हैं।
लू से मरनेवालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है, सबसे ज्यादा असर गरीबों, बुजुर्गों, बच्चों और अनौपचारिक क्षेत्र के मजदूरों पर पड़ता है, क्योंकि जीवन यापन के लिए उनका संघर्ष अत्यधिक कष्टदायक होता हैं। सीईईडब्ल्यू के अनुसार, निर्माणकार्य मजदूरों, गिग वर्कर्स और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों जैसे कमजोर तबकों को गर्मी के तनाव का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता हैं।
गरीबों को इस गर्मी में भी दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहत करने पर मजबूर होना पड़ता है, उनकी आमदनी और उत्पादकता दोनों गिरती हैं। गर्मी के कारण 2030 तक जीडीपी में 4.5 प्रतिशत तक की संभावित गिरावट आ सकती है, गर्मी के कारण फसलों को नुकसान और खाद्य सुरक्षा को खतरा हो सकता हैं। 'द लैंसेट' में 2024 में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, लू के दौरान काम करने की क्षमता कम होने से हर साल लगभग 194 अरब डॉलर की आमदनी का नुकसान होता है, इस सदी के आखिर तक पूरे भारत में गर्मियों में चलने वाली लू की घटनाएं 300 से 400 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। गर्मियों में भूजल का स्तर लगातार नीचे गिरने के कारण बहुत से ग्रामीणों और दूर-दराज क्षेत्र के रहवासियों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है, अनेक बार सोशल मीडिया पर इससे संबंधित वीडियो वायरल होते है, जिसमे हम देखते है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक थोडेसे पानी के लिए रोजाना कई किलोमीटर दूर तक पैदल चलते है, जान जोखिम में डालकर 50-60 फीट नीचे गहरे गड्ढे में उतरकर दूषित जल पिने के लिए बर्तनों में भरते हैं। जीवनावश्यक जल के लिए ऐसा संघर्ष, मजबूरी देखकर बहुत दुःख होता हैं। प्रकृति ने हर एक के लिए शुद्ध जल, हवा, पोषक खाद्य की सुविधा की है, परंतु प्रकृति का संतुलन बिगाड़कर स्वार्थी मनुष्य ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा पैदा किया हैं। लोगों के ये हाल है तो, इस बढ़ते तापमान में जंगलों में बेजुबान वन्य पशुओं के कितने बुरे हालात होते होंगे। भौगोलिक रूप से हमारा देश उष्ण माना जाता है, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ने से वातावरण में गर्मी बढ़ी है, इससे मूल तापमान लगातार बढ़ता जाता है, प्राकृतिक हरियाली और प्राकृतिक ठंडक देने वाले संसाधन तेजी से खत्म हो रहे हैं। तेजी से फैलते शहर प्राकृतिक नजारों की जगह कंक्रीट और काँच की इमारतें खड़ी हुयी, ये दिन में गर्मी सोखकर रात में धीरे-धीरे उसे बाहर निकालती हैं, जिससे सूरज डूबने के बाद भी शहरों का तापमान कम नहीं हो पाता। विकास के लिए शहरों के आसपास के सभी गांवों से उपजाऊ भूमि और खेती पर इमारतें बन रही हैं। यूनाइटेड नेशंस के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल लगभग 10 मिलियन हेक्टेयर जंगल खत्म हो जाते है, यह हर 12 महीने में आइसलैंड या पुर्तगाल के बराबर एरिया को साफ करने के बराबर हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, भारत में हर साल खेती, वनों की कटाई और बुनियादी ढांचे का विकास की वजह से 1,00,000 हेक्टेयर से ज्यादा प्राकृतिक जंगल और वृक्ष आवरण खत्म हो जाता हैं। मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के अनुसार, विकास प्रोजेक्ट्स के लिए सरकार की इजाजत से हर साल लगभग 20 से 30 लाख पेड़ काटे जाते हैं।
1990 और 2000 के बीच भारत में 384,000 हेक्टेयर जंगल कम हुए, लेकिन 2015 और 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668,400 हेक्टेयर हो गया। यूनाइटेड किंगडम की एक वेबसाइट, यूटिलिटी बिडर, जो एनर्जी और यूटिलिटी कॉस्ट की तुलना करती है, की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में भारत ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर है, जहाँ इन सालों में औसतन 668,400 हेक्टेयर जंगल काटे गए। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि जहाँ ब्राजील ने 2015 और 2020 के बीच 2,559,100 हेक्टेयर और इंडोनेशिया ने इसी समय में 1,876,000 हेक्टेयर जंगल काटे, वहीं भारत के आंकड़े काफी बढ़ गए है, 'डाउन टू अर्थ' ने भी यह खबर प्रकाशित की थी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे और डीम्ड यूनिवर्सिटी सस्त्रा के अनुसंधानकर्ताओं की एक नये अध्ययन से पता चला है कि 2015 और 2019 के बीच भारत के जंगल वनक्षेत्र में काफी गिरावट आयी हैं। इन वर्षों में भारत में 18 वर्ग किलोमीटर जंगल वनक्षेत्र खत्म हुआ, जबकि इसके मुकाबले केवल 1 वर्ग किलोमीटर बढ़ा।
यह बेहद चिंताजनक रेश्यो है जो भारत के वन पारिस्थितिकी तंत्र में गंभीर विखंडन संकट को दिखाता हैं। जबकि भारत सरकार के प्रमुख नोडल एजेंसी प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अनुसार, भारत नेट सालाना वन क्षेत्र लाभ के मामले में दुनिया भर में तीसरा स्थान बनाए हुए है। वन हानि की वार्षिक दर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990-2000) से गिरकर 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) हो गई। हमसे अच्छे तो जंगली जीव है, जो अपने प्राकृतिक अधिवास को बचाने और उन्हें समृद्ध बनाने में प्रकृति की सही मायने में रक्षा करते हैं। पेड़ों से जंगल समृद्ध होते है।

# आत्मीय संबंधों में विश्वास का अकाल

**डॉ. सुधाकर**

**देश भर** में हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। कहीं लव जिहाद के चलते युवतियों की हत्याएं हो रही हैं, कहीं मित्रता के नाम पर मित्र को घर बुलाकर चाकू से गोदकर हत्या की जा रही है। कहीं किसी अबोध बालक को धरती पर पटककर मौत के घाट उतारा जा रहा है, कहीं किसी अन्य जघन्य तरीके से हत्या की जा रही है। कहीं हत्यारे अपरिचित हैं, कहीं पूर्व परिचित। जिन रिश्तों पर गर्व की अनुभूति की जाती थी, वही रिश्ते अब अविश्वास की वजह बन गए हैं। यहाँ तक कि हिंसक वारदातों के चलते एक ही छत के नीचे रह रहे पति पत्नी भी सुरक्षित नहीं हैं।

प्रश्न यह उठता है, कि क्या आत्मीय संबंधों में विश्वास का अकाल पड़ गया है ?
क्या मित्र जैसे सुख दुःख में साथ निभाने वाले पवित्र संबंधों में विश्वासघात का चलन बढ़ गया है। बहरहाल समाज में बेखौफ होकर हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने की प्रवृत्ति का बढ़ना गंभीर चिंतन का विषय है। लगता है, कि जंगल में अस्तित्व की लड़ाई हेतु हिंसक प्रवृत्ति मानव समाज में भी अपनी घुसपैठ कर चुकी है। यदि ऐसा नहीं होता, तो नित्य ही हिंसक वारदातों के समाचार अखबारों की सुर्खियां न बनते।

प्रश्न यह भी है, कि हिंसक वारदात के दोषियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति क्यों बढ़ गई है। अपराधियों के पक्ष और विपक्ष में जाति और धर्म के अनुसार लोगों का लामबंद होना तथा तथाकथित निरपेक्ष मीडिया का अपराधियों के समर्थन में विमर्श प्रस्तुत करना क्या यह सिद्ध नहीं करता कि देश में एक ऐसा वर्ग सक्रिय है, अपराधियों के साथ जैसे को तैसा जैसे व्यवहार का विरोध करने के लिए ही पैदा हुआ है। क्या कानून किसी अपराधी के अमानवीय आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए है ? क्या किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी का महिमामंडन करके उसे लम्बे समय तक सरकारी सुविधाओं पर जीवित रहने का अधिकार है ?

वस्तुस्थिति यह है कि जघन्य अपराधों के पर्याप्त प्रमाण होने के उपरांत भी अपराधी कानूनी दावपेच से लंबे समय तक दण्डित नहीं होता, जिसके चलते कानून व्यवस्था के प्रति वह निडर होकर बेखौफ हिंसक वारदातों को अंजाम देता है। समय आ गया है, कि जघन्य वारदातों को अंजाम देने वाले हिंसक तत्वों के विरुद्ध दण्ड विधान को और अधिक कड़ा किया जाए ताकि समाज में बढ़ रही हिंसक घटनाओं की नित्य होने वाली पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

## विचार

# ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पर उठ रहे सवाल ?

**सौरभ वार्ष्णेय**

**किसी** भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों के व्यक्तित्व, कौशल और सोच को विकसित करने का साधन भी है। इसलिए देश के विकास और भविष्य को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा नीति पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था में तकनीक का प्रवेश आज की आवश्यकता है। परीक्षा मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू की। इस व्यवस्था में उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर परीक्षकों के सामने डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बोर्ड का दावा है कि इससे जोड़-घटाव की गलतियां कम होंगी, मूल्यांकन की निगरानी बेहतर होगी और परिणाम अधिक विश्वसनीय बनेंगे। लेकिन जिस तकनीक को सुधार का माध्यम माना गया था, वही अब विवाद के केंद्र में है। देशभर से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने स्कैनिंग की गुणवत्ता, उत्तर पुस्तिकाओं के कथित मिश्रण, कम अंक मिलने और मूल्यांकन संबंधी विसंगतियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कुछ मामलों में छात्रों ने दावा किया कि उन्हें दिखाई गई स्कैन की गई उत्तर पुस्तिका उनकी नहीं थी, जबकि कई उत्तर पुस्तिकाओं को खराब स्कैनिंग के कारण दोबारा स्कैन करना पड़ा या मैन्युअल रूप से जांचना पड़ा।सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन से पहले किए गए परीक्षणों में कई तकनीकी और संचालन संबंधी कमियां सामने आई थीं। आंतरिक रिपोर्टों में प्रशिक्षण की कमी, तकनीकी गड़बडियों, मूल्यांकन की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को लेकर चेतावनियां दी गई थीं। कुछ विशेषज्ञों ने प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू करने से पहले अधिक व्यापक परीक्षण की सलाह भी दी थी।यह विवाद केवल तकनीकी खामी का नहीं, बल्कि विश्वास का भी है। बोर्ड परीक्षाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। कुछ अंकों का अंतर उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों को बदल सकता है। ऐसे में यदि मूल्यांकन प्रक्रिया पर संदेह पैदा होता है तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर पड़ता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन का सहारा लिया है।हालांकि यह भी सच है कि डिजिटल मूल्यांकन कोई नई अवधारणा नहीं है। दुनिया के अनेक परीक्षा बोर्ड और संस्थान वर्षों से ऐसी प्रणालियों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन में दिखाई देती है। यदि स्कैनिंग, डेटा सुरक्षा, परीक्षकों के प्रशिक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान न दिया जाए तो तकनीक समाधान के बजाय नई समस्याएं पैदा कर सकती है।केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भी कुछ विसंगतियों को स्वीकार करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। यह स्वागतयोग्य है, किंतु केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यकता इस बात की है कि पूरे विवाद की स्वतंत्र और पारदर्शी समीक्षा हो, तकनीकी कमियों की सार्वजनिक जानकारी दी जाए तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र और निष्पक्ष राहत प्रदान की जाए।शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता और न ही रोका जाना चाहिए। परंतु किसी भी सुधार की सफलता उसकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है। विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक का उद्देश्य केवल प्रक्रिया को तेज करना नहीं, बल्कि विश्वास को मजबूत करना भी होना चाहिए। यदि पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किए जाएं तो भविष्य की दिशा बन सकता है; अन्यथा यह एक ऐसे प्रयोग के रूप में याद किया जाएगा जिसने विद्यार्थियों के मन में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अनावश्यक शंकाएं पैदा कर दीं। सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग परियोजना के टेंडर से विक्रेता को ब्लैकलिस्ट करने संबंधी शर्त हटाए जाने का मामला स्वाभाविक रूप से चर्चा और सवालों का विषय बना है। अब तक सीबीएसई ने सार्वजनिक रूप से इस बदलाव का स्पष्ट और विस्तृत कारण नहीं बताया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष

**रोहित माहेश्वरी**

**राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से अब तक कम से 21 लोगों की मौत हुई है जबकि 37 से अधिक लोग घायल हैं। भारत की राजधानी में मौजूद इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। ।निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

# अनियंत्रित पर्यटन से त्रस्त है नैनीताल!

**प्रयाग पाण्डे**

**विश्व** विख्यात पहाड़ी हिल स्टेशन नैनीताल में इंसानों से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों का रेला उमड़ने लगा है। वाहनों की अनियंत्रित बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम- सी गईं हैं। अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बोझ ढो रही नगर की सभी सड़कें - गलियाँ दोपहिया और चौपहिया वाहनों से पट -सी गईं हैं। वाहनों की भीड़ के चलते सामान्य आवागमन बाधित हो गया है। पैदल चलने को रास्ते नहीं बचे हैं। नगर का हरेक कोना और पैदल रास्ते गाड़ियों से पट गए हैं। नगर में यत्र, तत्र, सर्वत्र जाम लगना आम बात हो गई है। नगर का कोई भी कोना यांत्रिक यातायात से निरापद नहीं है। दोपहिया- चौपहिया वाहनों की रेलमपेल में आम इंसान का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि आम आदमी के लिए पैदल चलने की जगह ही नहीं बची है। इंसानों के भी जाम लगने लगे हैं। पहले पर्यटन सीजन के दिनों कभी-कभार ऐसी स्थिति आती थी, अब यह समस्या बारहमासी हो गई है। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 183 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। नैनीताल का स्वच्छ और शुद्ध वातावरण एवं आबोहवा को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आदर्श माना जाता था। अंग्रेजी शासनकाल में नैनीताल को 'कंट्री रिट्रीट' कहा जाता था। अंग्रेज यहाँ के पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण का विशेष खयाल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी। आज ये सभी खतरे में हैं। वर्तमान में नैनीताल ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के चपेट में है। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहाँ आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। यात्रियों का सामान ढोने के लिए कुलियों का प्रबंध था। करीब चार दशक तक यह व्यवस्था बनी रही। इसी दरम्यान नैनीताल एक सुव्यवस्थित नगर के रूप में बसा, सजा- सँवरा।

## न्यूज फ्लैश

### ग्लोब हेरिटेज स्कूल में एआई के नैतिक उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित



**रादौर, 4 जून (कुलदीप सैनी) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय इनहॉउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सुरक्षित, नैतिक और प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप शिक्षकों को अध्ययन करना आवश्यक है। मुख्य वक्ता एवं सीबीएसई प्रशिक्षक अमित सिंघल ने एआई के शैक्षिक उपयोग, डेटा गोपनीयता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने एआई से जुड़ी चुनौतियों जैसे बायस, डीपफेक, एआई हैलुसिनेशन, कॉपीराइट उल्लंघन और डेटा सुरक्षा पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न एआई टूल्स और उनके जिम्मेदार उपयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### किसान, युवा और विकास सरकार की प्राथमिकता - नेपाल सिंह राणा



**रादौर, 4 जून (कुलदीप सैनी) :** कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा रादौर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। सुबह की सैर के दौरान वे गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा बाद में मंत्री कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रयास कर रहे हैं।

नेपाल सिंह राणा ने कहा कि वे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार किसानों की 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है।

साथ ही वर्ष 2015 से 2025 के दौरान प्रदेश में 20 लाख से अधिक एमएसएमई पंजीकरण होने को सरकार की उद्योग एवं रोजगारोन्मुखी नीतियों का परिणाम बताया।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में विद्यार्थियों ने जानी स्थानीय व्यंजनों और फलों की विशेषताएं

**रादौर, 4 जून (कुलदीप सैनी) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में आयोजित भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय व्यंजनों, मसालों और फलों के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान डाइट तेजली यमुनानगर के वरिष्ठ प्रवक्ता सुधीर कुमार ने शिविर का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से गतिविधियों की जानकारी ली। हिंदी प्रवक्ता राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को बताया कि स्थानीय व्यंजन किसी क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा, जलवायु और कृषि व्यवस्था का परिचायक होते हैं। उन्होंने आम, संतरा, सेब, अनार, पपीता, तरबूज, लीची और जामुन जैसे फलों के पोषण एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। साथ ही पेड़-पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन सचिन कुमार, सुरेश वर्मा, रजनी देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक में शहरी विकास का रोडमैप तैयार

**बैठक**

- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित राष्ट्रीय नेतृत्व ने सराहा समन्वय




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** देवभूमि उत्तराखंड की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक का सफल समापन हो गया। परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित बैठक में देशभर से आए महापौरों एवं शहरी विकास विशेषज्ञों ने स्थानीय स्वशासन, नगर विकास, स्वच्छता, डिजिटल प्रशासन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करते हुए भविष्य का रोड मैप तैयार किया।

उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता का नेतृत्व विशेष रूप से केंद्र में रहा। उन्होंने बैठक के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता करते हुए देशभर के महापौरों को साझा मंच प्रदान किया, जहां विभिन्न नगरों में लागू सफल विकास मॉडल, नवाचारों और जनहितकारी पहलों पर सार्थक संवाद हुआ। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि एक-दूसरे के सफल अनुभवों को अपनाकर देश के शहरों को अधिक स्वच्छ, स्मार्ट, आत्मनिर्भर और नागरिक-अनुकूल बनाया जा सकता है।

परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्थानीय निकाय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाइयों में से हैं और निश्चित रूप से देश के समग्र विकास का आधार मजबूत स्थानीय स्वशासन है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय महापौर परिषद जैसे संगठन नगरों के बीच बेहतर समन्वय, अनुभवों के आदान.प्रदान और जनहितकारी नीतियों को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इससे पूर्व बैठक के प्रथम सत्र में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शहरी विकास मंत्री राम सिंह, ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान, परिषद के महासचिव आशुतोष वार्ष्णेय, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल एवं सुबोध उनियाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगरों के सुनियोजित विकास, स्वच्छता, आधुनिक आधारभूत सुविधाओं और स्मार्ट सिटी विज? को साकार करने पर बल देते हुए परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता के कुशल नेतृत्व, प्रभावी संगठन क्षमता और उत्कृष्ट समन्वय की मुक्त कंठ से सराहना की।

# पीएम केयर्स योजना से लाभान्वित बच्चों ने उपायुक्त नेहा सिंह से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, 04 जून।** पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत लाभान्वित बच्चों ने गुरुवार को उपायुक्त नेहा सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान बच्चों ने अपने अनुभव सांझा किए तथा सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सहायता एवं सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे पूरी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें। जिला प्रशासन उनके उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत शुरू की गई पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता अथवा अभिभावकों को खो चुके बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

### चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार, नशे की लत पूरी करने के लिए चुराई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 4 जून (संजय नरवाल)** सीआईए थ्री पुलिस ने बलजीत नगर नाका के नजदीक गंदा नाला पटरी पर एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गांव ढींढार हाल शास्त्री कॉलोनी समालखा के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम को बुधवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक एचएफ डिलक्स बाइक पर सवार होकर सेक्टर 11/12 गुरूद्वारा की और से गंदा नाला पटरी होते हुए सनौली रोड की तरफ आएगा।

# मतदाता सूची में पात्र नागरिक का नाम किया जाएगा शामिलः शर्मा

**एसआईआर**

- 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार संपूर्ण देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य करवाया जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से नाम दर्ज करवाने से वंचित ना रहे। उन्होंने स्पष्ट किया की इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर.घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नाम काटा नहीं जाएगा, केवल अपात्र व्यक्ति का नाम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची से हटाया जाएगा। इसके अलावा 1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा भी अपनी वोट बनवा सकेंगे और मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा। 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिनका निपटारा संबंधित ईआरओ द्वारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट होने पर मतदाता जिला निर्वाचन अधिकारी को दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। इस निर्णय के विरूद्ध भी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति दर्ज करवा सकते है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा।

### भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में भाकियू चढूनी का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**


**यमुनानगर, 4 जून।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के बैनर तले बुधवार को भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील (एफटीए) के विरोध में किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान संजू गुन्दियाना ने किया। इस दौरान किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान संजू गुन्दियाना ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील देश के किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान पहले ही बढ़ती लागत और कर्ज के बोझ से परेशान हैं। ऐसे में विदेशी कंपनियों और अमेरिका के बड़े कृषि उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा करना छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए संभव नहीं होगा।उन्होंने कहा कि अमेरिका में किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी और आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जबकि भारत का किसान लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यदि यह डील लागू होती है तो भारतीय बाजार में विदेशी कृषि उत्पाद सस्ते दामों पर पहुंचेंगे

## शहीद भगत सिंह चौक की प्रतिमा का शीघ्र अनावरण कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 4 जून (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल रादौर के गांव गुमथला स्थित इन्कलाब मन्दिर के संस्थापक अधिवक्ता वरयाम सिंह ने आज यमुनानगर विधायक घनश्याम अरोड़ा को ज्ञापन सौंपकर यमुनानगर में स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर स्थापित प्रतिमा का शीघ्र अनावरण कराने तथा शिलापट्ट में सुधार करने की मांग की है। इस मौके पर उनके साथ अधिवक्ता सर्वजीत सिंह भी साथ रहे। अधिवक्ता वरयाम सिंह ने विधायक को सौंपे ज्ञापन में



कहा कि फव्वारा चौक का नाम शहीद भगत सिंह चौक रखे जाने पर शहीद प्रेमियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है, लेकिन प्रतिमा के अनावरण में देरी हो रही है।

साथ ही उन्होंने आरोप लगाया गया कि पूर्व में स्थापित प्रतिमा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं लगाई गई और शिलापट्ट पर शहीद भगत सिंह की जगह केवल भगत सिंह अंकित किया गया है, जिससे शहीद प्रेमियों में रोष है। वरयाम सिंह ने मांग की कि प्रतिमा का नियमों के अनुसार शीघ्र अनावरण कराया जाए तथा शिलापट्ट पर अमर शहीद के सम्मान में शहीद भगत सिंह अंकित किया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक घनश्याम अरोड़ा ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत अपने कार्यालय में बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि नियमों के अनुसार सभी कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के वीर शहीदों के सम्मान में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने स्पष्ट कहा कि मामला देश के अमर शहीदों के सम्मान से जुड़ा है और इसमें देरी की कोई गुंजाइश नहीं है।

## मिशन मैदान 2.0 के तहत बड़ी कार्रवाई, 650 ट्रामाडोल कैप्सूल व 8.19 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर। मिशन मैदान 2.0 के तहत नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अपराध शाखा-2 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 650 प्रतिबंधित नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल और 8.19 ग्राम हीरोइन (स्मैक) सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि



पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के निर्देशानुसार नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैदान-2.0 को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने सभी अपराध शाखाओं, थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हुए हैं।

अपराध शाखा-2 के इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि गांव भवानीपुर मोड़ के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है।

सूचना के आधार पर उप निरीक्षक रजत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर मौके पर छापेमारी की गई।

कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार मुस्तफाबाद संदीप शर्मा को भी मौके पर बुलाया गया।

### केयूके की मेरिट सूची में जेएमआईटी के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**रादौर:**
जेएमआईटी के बीबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यार्थी विजय लक्ष्मी ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि साक्षी ने सातवां और सैना परवीन ने आठवां स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की सफलता पर संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने उन्हें बधाई देते हुए इसे उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनुजा गोयल और बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## दोबारा बने राजीव आर्य लाडवा अनाजमंडी के 2 साल के लिए प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाडवा 4, जून (विजय कौशिक) :** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की एक चुनावी बैठक में राजीव आर्य को सभी आढ़तियों ने उन्हें 2 वर्ष के लिए अपना प्रधान चुन लिया। जिस पर आढ़ती भाइयों ने राजीव आर्य को फूलों के हार पहना कर स्वागत किया। वीरवार को लाडवा अनाज मंडी आढती एसोसिएशन की एक बैठक अनाज मंडी धर्मशाला में हुई।

जिसमें भारी संख्या में आढ़तियों ने भाग लिया। जिसमें मौजूदा प्रधान का कार्यकाल पूरा हो गया था। जिस पर दोबारा नया प्रधान बनाने की कवायत थी। सभी आढ़तियों व व्यापारियों ने कहा कि



पूर्व प्रधान राजीव आर्य ने अपने कार्यकाल में उन्होंने संतोषजनक काम किए थे। जिस पर सभी आढ़तियों ने सर्वसम्मति से पुनः राजीव आर्य को ही दो वर्ष के लिए प्रधान पद के लिए चुन लिया और फूलों के हार पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया। नव नियुक्त प्रधान राजीव आर्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह 24 घंटे आढ़तियों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह आढ़तियों के हितों की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में आढ़तीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, जगदीप गुढ़ा, अवतार सिंह शेखों, सतपाल आनंद, रणजीव कपूर, रणसिंह,सुनील कुमार, राजेंद्र पाल, रघुनाथ सैनी, अनुज गोयल, अशोक खुराना, राजू खुराना, मोहन लाल, रणबीर सिंह, आशु बंसल साथ रहे। नवनिर्वाचित प्रधान राजीव आर्य ने सभी आढ़ती भाइयों का साथ और सहयोग लेकर मंडी की समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। प्रधान ने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा इस अवसर पर भारी संख्या में अनाजमण्डी आड़ती उपस्थित रहे।

## जल संचय जन भागेदारी अभियान में सहभागिता करें सभी विभागः आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में यहां जिला अधिकारियों के बोर्ड (बोर्ड ऑफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर) की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला में विभिन्न विभागों की ओर से कराए जा रहे प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा की गई और इन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीएम विंडो की लंबित शिकायतों का भी जल्द निपटारा करने के लिए कहा गया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से जल संचय जन भागीदारी अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बैठक में उपायुक्त ने पीएनडीटी



एक्ट के तहत मारे गए छापों की बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने और घटते लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए महीने में कम से कम एक छापा जरूर मारा जाए। कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों और जिन दंपतियों के पास दो बेटियां हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि पीएनडीटी एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और कहीं भी संदिग्ध मामला नजर आए तो पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दें। डा. आनंद कुमार ने एससी-एसटी एक्ट के तहत लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी भी ली।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से जल संचय जन भागीदारी अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस अभियान में चालू वित्त वर्ष में करनाल जिला उत्तरी जॉन में अव्वल 15 जिलों में शामिल होना चाहिए। उत्तरी जॉन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यह अभियान भूजल संवर्धन, जल संचयन और जल सुरक्षा के लिए आरंभ किया गया है।

बैठक में उपायुक्त ने डीटीओ को यमुना क्षेत्र से आने वाले खनन सामग्री से भरे ओवरलोडिड वाहनों पर शिकंजा कसने के निर्देश देते हुए कहा कि जरूर पड़े तो इसके लिए पुलिस सहायता भी ली जा सकती है। सीमांकन, राजस्व रास्ते, अवैध कब्जे हटवाने आदि मामलों के संबंध में उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे डीएसपी और तहसीलदारों के साथ हर 15 दिन में बैठक कर इस दिशा में उचित कदम उठाएं।

उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नालों, नहरों की सफाई, यमुना क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी ली। विभाग के कार्यकारी अभियंता ने कहा कि यमुना क्षेत्र में स्टोन स्टड लगाने का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

## मानसिक एकाग्रता का प्रमुख आसन है वृक्षासनः सतवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित लेडीज पार्क में नियमित प्रातःकालीन योग कक्षा जो 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजे तक चलती है,उसमें योगाभ्यास करवाते हुए समिति के उपप्रधान सतवीर सिंह ने बताया कि मानसिक एकाग्रता के लिए वृक्षासन एक प्रमुख आसन है। इसे करने के लिए एक पैर पर सीधे खड़े होकर दूसरे पैर की एड़ी को पहले पैर की जांघ पर टिकाया जाता है और हाथों को उठाकर नमस्कार मुद्रा



बनाई जाती है। उन्होंने ताड़ासन के बाद वृक्षासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने कि बताया कि पार्क में आने वाले साधकों को प्रतिदिन 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल के तहत गर्दन,कंधों, कमर,घुटने के सूक्ष्म अभ्यास के साथ साथ अन्य आसनों में भद्रासन,वज्रासन, उष्ट्रासन,शशांकासन तथा पेट के बल भुजंगासन,शलभासन व पीठ के बल किए जाने वाले आसन सेतुबंधासन,उत्तानपादासन,पवनमुक्त ासन का अभ्यास करवाया जा रहा है। समापन से पहले उपस्थित साधकों को भस्त्रिका,कपालभाति,अनुलोमविलोम,ध्यान,शीतली आदि प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। आज के अभ्यास में समिति के प्रधान इंजीनियर लक्ष्मीनारायण,मास्टर धर्मपाल,रणसिंह राणा,हवासिंह,सुरेंद्र,निर्मला, भावना सीमा,पूजा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों के लिए जॉब सिक्योरिटी एक्ट बनाया जाए- हुकटा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 4 जून (बिजेंद्र सिंह)।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को पानीपत में श्याम कमल भाजपा कार्यालय में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात कर राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों के लिए जॉब सिक्योरिटी बिल लाकर उसे एक्ट का रूप देने तथा शिक्षकों के रोजगार को सुरक्षित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा के लिए समय देने का भी अनुरोध किया। साथ ही पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी स्कूलों के गेस्ट टीचरों की तरह नियमित करने की मांग रखी। वहीं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को जॉब सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय मलिक ने कहा कि हरियाणा के विश्वविद्यालयों में लगभग 1400 अनुबंधित सहायक प्राध्यापक वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इनके लिए शीघ्र हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक सेवा-सुरक्षा बिल लाकर एक्ट बनाया जाए, ताकि विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी सरकारी कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर्स, पॉलिटेक्निक संस्थानों के गेस्ट टीचर्स, स्कूलों के गेस्ट टीचर्स तथा अन्य अनुबंधित कर्मचारियों की भांति सेवा-सुरक्षा का कानूनी संरक्षण प्राप्त हो सके। मुलाकात के दौरान हुकटा प्रतिनिधिमंडल में डॉ सुमन रंगा,डॉ. अमित मलिक, डॉ. सोहनलाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. निधि यादव, डॉ. अंजू देवी एवं डॉ. पूनम सहित अन्य अनुबंधित शिक्षक उपस्थित रहे।

### शाहबाद के शहीद उधम सिंह हाल में रविन्द्र सिंह को पैकस कर्मचारी यूनियन का जिला महासचिव बनाया गया

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)** दी कुरुक्षेत्रा बैंक के चेयरमैन सुभाष सैनी ने महासचिव को बधाई दी और बेहतर भविष्य की कामना की इसके अतिरिक्त अशोक मेहता ने सभी का धन्यवाद किया 2018 के बाद फिर से रविन्द्र सिंह को यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई हैं उनकी यह ज़िम्मेदारी एक क्रान्तिकारी के तौर पर देखी जा रही है पहले भी उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक नई ऊर्जा का संचार किया था सभी ब्लांक के कर्मचारियों ने उनका जोरदार समर्थन किया जिसमे मुख्य रूप से अंगेज सिंह और अनगपाल राना ने भी उनके नाम की घोषणा की जिसका समर्थन सभी कर्मचारियों ने मिलकर किया।

# धार्मिक स्थलों के सम्मान की लड़ाई आज निर्णायक मोड़ पर

## धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

**विरोध**

**बढ़ाने बारे लिखा गया है और क्षेत्र को छावनी में तब्दील करने जैसी तैयारियां की जा रही हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद मारकंडा :(प्रदीप कुमार)** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब, कुटिया श्री गुरुदेव निवास, मुख्य स्वर्ग आश्रम के बाहर तथा डेहा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर कथित अवैध कब्जों, अतिक्रमण, हड्डा रोड़ी, मृत पशुओं के अवशेषों और फैली गंदगी के विरोध में शुक्रवार को सुबह 10 बजे महापंचायत आयोजित की जाएगी। धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, सिख संगत, मातृशक्ति, युवाओं और नगरवासियों द्वारा बुलाई गई इस महापंचायत को लेकर पूरे क्षेत्र में व्यापक चर्चा है, वहीं प्रशासन ने भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को एसडीएम द्वारा जारी आदेश में शुक्रवार सुबह गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ाने बारे लिखा गया है और क्षेत्र को छावनी में तब्दील करने जैसी तैयारियां की जा रही हैं। महापंचायत की तैयारियों की जानकारी देते हुए शिकायतकर्ताओं की अध्यक्षता कर रहे पार्षद जगतार सिंह, राजेश उप्पल और सिख नेता मंजीत सिंह ने कहा कि पिछले कई महीनों से क्षेत्रवासी अवैध कब्जों, गंदगी और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर 2025 को नगरपालिका और 26 मई 2026 को एसडीएम और 02 जून 2026 को उपयुक्त कुरुक्षेत्र कार्यालय में शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। यदि प्रशासन वास्तव में गंभीर होता तो अब तक अवैध कब्जे हट चुके होते और धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा चुका होता। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई के नाम पर केवल फाइलें और बैठकों का सिलसिला चलाया गया, जबकि धरातल पर हालात में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब शुक्रवार को महापंचायत में जो भी निर्णय संगत, मातृशक्ति, युवाओं और नगरवासियों द्वारा सर्वसम्मति से लिया जाएगा, वही सभी को मान्य होगा। यदि प्रशासन द्वारा स्पष्ट और प्रभावी कार्रवाई का रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया गया तो महापंचायत लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन की घोषणा कर सकती है। इस मौके जगजीत सिंह मक्कड़, राकेश बैंस, हरभजन सिंह सेठी, राजू आहूजा, काला आहूजा, नरिंदर सिंह भिंडर, दीपक पन्नू, मोहन सिंह आनंद, सुखबीर सिंह बिट्टा, मेहल सिंह भिंडर, कैप्टन सोहन सिंह, महिंद्र सिंह, दलविंदर सिंह ठेकेदार, रणजीत सिंह, बलिहार सिंह मामुमाजरा और नरंजन सिंह फौजी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

यह है मुख्य मांगे :
शिकायतकताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब और मुख्य स्वर्ग आश्रम के आसपास के सभी अवैध कब्जों को बिना किसी भेदभाव के हटाने, हड्डा रोड़ी, कबाड़ और मृत पशुओं के अवशेषों को तत्काल हटाकर विशेष सफाई अभियान चलाने, बराड़ा रोड और डेहा कॉलोनी मुख्य मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त करने तथा डेहा कॉलोनी में नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन पर सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## समाधान शिविर में 12 शिकायतें प्राप्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को सीटीएम सिमरन की अध्यक्षता में जिला वासियों की शिकायतें सुनी गईं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीटीएम सिमरन ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। शिविर के दौरान नाहरा गांव में नाली को पक्का करवाने, बिजली मीटर में नाम परिवर्तन करवाने, एक ऑटोमोबाइल शोरूम द्वारा पांच माह बीत जाने के बावजूद वाहन की आरसी एवं नंबर प्लेट उपलब्ध न करवाने पर कार्रवाई करने, बीपीएल कार्ड धारक द्वारा फ्लैट आवंटन के लिए जमा करवाई गई 10 हजार रुपये की राशि वापस दिलवाने, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय संबंधी त्रुटि को ठीक करवाने तथा खेतों के रास्तों के बीच स्थित बिजली पोल को स्थानांतरित करवाने सहित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। सीटीएम ने सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## थाना शहर पुलिस ने साइबर जागरूकता दिवस पर आमजन को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** थाना शहर की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर साइबर जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने के तौर-तरीकों से रूबरू कराना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय निवासियों, राहगीरों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को एसआई विक्रम ने वित्तीय धोखाधड़ी और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन स्कैम्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आमजन को आगाह किया कि साइबर अपराधी लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाने के लिए नए और बेहद शातिर तरीके अपनाते हैं। उन्होंने बिजली बिल काटने के नाम पर आने वाले फर्जी मैसेज, लॉटरी लगने का लालच, बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट करने के बहाने और कम समय में पैसा दोगुना करने वाली फर्जी निवेश स्कीमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया, ताकि कोई भी नागरिक इनके झांसे में न आए।

## सांसद नवीन जिंदल का कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने पेश करेगा नजीरः डॉ. अर्चना गुप्ता




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत हुए इस महोत्सव में हजारों की संख्या में युवा वर्ग में उत्साह दिखाया। इस अवसर पर भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल युवाओं को रोजगार देने के मामले में देश के सामने आ रही चुनौती को स्वीकार करते हुए इससे निपटने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र में किए जा रहे स्किल ट्रेनिंग में अन्य विकास कार्यों को लेकर कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने एक नजीर पेश करेगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच है कि युवाओं के अंदर हुनर हो और वे स्किल में निपुण होने को प्राथमिकता दें ताकि रोजगार के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय खुद का सेटअप खड़ा किया जा सके। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के युवा बेहद खुशनसीब है कि उन्हें नवीन जिंदल जैसे साधन संपन्न और प्रोग्रेसिव सोच रखने वाले सांसद मिले।

हिसार से विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि स्वर्गीय ओपी जिंदल जी ने कुरुक्षेत्र को हमेशा अपना परिवार माना है और यहां के लोगों की जिम्मेदारी अब सांसद नवीन जिंदल को मिली है। जिसे वह पूरी तरह से निभा रहे हैं।
सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अपने चुनावी घोषणा पत्र के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्होंने 2 साल के अंदर कुरुक्षेत्र में आधुनिक स्किल सेंटर और बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई की स्थापना का कार्य पूरा किया। पिछले एक साल के दौरान स्किल सेंटर के जरिए 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। 15 कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में फाउंडेशन ने अपने प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हुए हैं ताकि वहां के युवाओं को भी प्रशिक्षित किया जा सके। जल्द ही कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में भी कैथल इंटरनेशनल स्किल सेंटर शुरू होनेजा रहा है। सांसद ने कहा कि युवा विदेश जाने के लिए सही रास्ता चुने विदेश में तकनीक और टैलेंट की जरूरत है। जमीन बेचकर विदेश जाना समस्या का हल नहीं है । बल्कि स्किल आधारित ट्रेनिंग के जरिए किसी भी फील्ड में जाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

## मृदा,जल एवं पर्यावरण का संरक्षण भविष्य की कृषि सुरक्षा की है आधारशिलाः डा. सतपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 4 जून (बिजेंद्र सिंह)।** रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग में मृदा क्षरण, मिट्टी कार्बन मे कमी, पोशक तत्वों के असंतुलन व जल प्रदूषण जैसी चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। इसी को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किए गए खेत बचाओ अभियान के तहत पानीपत के कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा सहित प्रदेश के सभी केवीके 1 से लेकर 30 जून तक किसानों के लिए जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसका उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखना, उत्पादन लागत को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक प्रबंधन एवं उनके महत्व पर किसानों के साथ चर्चा की जाएगी। किसानों को हरी खाद, कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग और जल संरक्षण एवं सूक्ष्म सिंचाई, मृदा संरक्षण एवं फसल विविधिकरण पर जागरूक किया जाएगा।

मृदा, जल एवं पर्यावरण का संरक्षण भविष्य की कृषि सुरक्षा की आधारशिला है। यह जानकारी केवीके ऊझा के समन्वयक डा. सतपाल सिंह ने बृहस्पतिवार को गांव जलालपुर में जल संरक्षण पर आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को दी।

**प्रशिक्षण**

**गांव जलालपुर में जल संरक्षण पर आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को दी**

## 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवा बेरोजगार व कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन- जगदीप घनघस



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 4 जून (बिजेंद्र सिंह)।** सीनियर एडवोकेट एवं घनघस खाप हरियाणा के प्रधान जगदीप घनघस ने वीरवार को अपने लायर्स चैंबर में सहयोगियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने युवाओं, बेरोजगारी और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान किया। इस आंदोलन को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखबीर मलिक और देश के जाने-माने वैज्ञानिक सोनम वांगचुक का भी समर्थन मिला है। जगदीप घनघस ने कहा कि अमेरिका से 6 जून को हिंदुस्तान लौट रहे कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दीपके का वह स्वयं और उनके साथी एयरपोर्ट पर स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से सीधे सभी नेता दिल्ली पुलिस के मुख्यालय प्रधान से मुलाकात कर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन के लिए आधिकारिक अनुमति मांगेंगे। अनुमति मिलते ही बेरोजगार युवाओं के समर्थन में आंदोलन शुरू होगा।

## हर शिकायत का समयबद्ध व स्थायी समाधान सुनिश्चित करें सभी विभागाध्यक्षः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय परिसर के कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में डीसी ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 75 शिकायतें पंजीकृत हुई। डीसी अनुपमा अंजली ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें।

## संस्कार, मातृत्व और आत्मगौरव से ही समृद्ध होगा समाजः अमृता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित अध्यात्म और मनोविज्ञान की मर्मज्ञ स्वामी डॉ. अमृता दीदी (पंजाब विश्वविद्यालय से पी.एच.डी.) ने अपने संबोधन में रामकथा एवं श्रीमद्भागवत कथा के प्रबंधन व आश्रम के माध्यम से दी जा रही निःशुल्क शिक्षा व भोजन जैसी लोक-कल्याणकारी सेवाओं को रेखांकित किया। बौद्धिक सत्र में बाल मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षा पद्धति पर गहन विमर्श हुआ। वक्ता ने कहा कि आधुनिक युग में माताएं अत्यधिक मोहवश बच्चों को आत्मनिर्भर नहीं बनने देतीं, जिससे बच्चे 'यांत्रिक भरण-पोषण' के शिकार हो रहे हैं और उनका स्वतंत्र मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है।
शिक्षकों के नैतिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए यह बात पुरजोर ढंग से उठाई गई कि विद्यालयों में प्रथम दिन से ही विद्यार्थियों और विशेषकर छोटी बालिकाओं को भारतीय संस्कृति के अनुकूल शालीन व मर्यादित वस्त्र पहनने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। इसके साथ ही अनुशासन के नाम पर क्रूर शारीरिक दंड को पूरी तरह अनुचित बताते हुए केवल सुधारात्मक अनुशासन की वकालत की गई। अध्यात्म सत्र में भारतीय आदर्शों की चर्चा करते हुए माँ जानकी के पातिव्रत धर्म को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अशोक वाटिका की अत्यंत विषम परिस्थितियों में भी माता सीता ने अपने आत्मसम्मान और सतीत्व की रक्षा की। रावण जैसा बलशाली शत्रु भी उनके मानसिक संकल्प को कभी छू नहीं सका। नारी चेतना को जाग्रत करते हुए संदेश दिया गया कि:
नारी की वास्तविक शक्ति उसकी लज्जा, शालीनता और मर्यादित वेशभूषा में है।

**गहन विमर्श**

**बौद्धिक सत्र में बाल मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षा पद्धति पर गहन विमर्श हुआ**

## पानीपत में डाहर टोल पर किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 4 जून (बिजेंद्र सिंह)।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के आह्वान पर भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते के विरोध में बृहस्पतिवार को पानीपत में डाहर टोल पर प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड के नेतृत्व में पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले दहन किये गये। किसान नेताओं ने बताया कि भारत की लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं उससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। भारतीय कृषि छोटे एवं सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका में कृषि बड़े पैमाने पर यंत्रीकृत, कॉर्पोरेट आधारित तथा भारी सरकारी सहायता एवं सब्सिडी प्राप्त व्यवस्था के तहत संचालित होती है। ऐसी असमान परिस्थितियों में दोनों देशों के कृषि उत्पादों के बीच खुली प्रतिस्पर्धा भारतीय किसानों के लिए हानिकारक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यदि कृषि, डेयरी, पोल्ट्री तथा अन्य कृषि-आधारित उत्पादों को मुक्त व्यापार समझौते के अंतर्गत शामिल किया जाता है अथवा अमेरिकी उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर भारत में प्रवेश दिया जाता है, तो इससे भारतीय किसानों की आय, कृषि रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) की मांगों में भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते से कृषि, डेयरी, पोल्ट्री, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा अन्य कृषि एवं कृषि-आधारित गतिविधियों से उत्पन्न सभी उत्पादों को पूर्णतः बाहर रखा जाए। अमेरिकी कृषि, डेयरी, पोल्ट्री तथा संबंधित उत्पादों के भारत में कर-मुक्त अथवा न्यूनतम शुल्क पर आयात की अनुमति न दी जाए।

## अग्रवाल वैश्य समाज की फतेहाबाद विधानसभा इकाई गठित



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद 4 जून**
अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशों पर व प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ से विचार विमर्श करने के बाद फतेहाबाद विधानसभा इकाई का गठन किया है। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने शिव लाल गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष, अजय मंगल को विधानसभा महासचिव व मनोज सिंगला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है जिला महासचिव वीरेंद्र जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार जल्द ही टोहाना विधानसभा इकाई और जिला इकाई का भी गठन कर दिया जाएगा और जिले में सामाजिक व गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। वीरेंद्र जैन ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसकी प्रदेश के सभी विधानसभा एवं जिला स्तर पर इकाइयां पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से समाज सेवा के कार्य कर रही हैं उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य अग्रवाल वैश्य समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा राजनीति के प्रति जागृत करना है।

# विधायक ने दिए दिए 10 लाख रुपएं बाबा मोहनदास मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए

धार्मिक कार्यक्रम

-शाहपुर तगा में धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान, किया प्रसाद ग्रहण



**गन्नौर।** गांव शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंदिर परिसर पहुंचने पर ग्रामीणों और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में भी भाग लिया। कादियान ने बाबा मोहनदास मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक विकास कार्यों के लिए १० लाख रुपए की अनुदान राशि का चेक बाबा मोहनदास वेलफेयर एसोसिएशन को सौंपा। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित त्यागी गढ़ी केसरी ने भी मंदिर के विकास कार्यों के लिए ११ हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम में विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुंदर सरपंच प्रतिनिधि शाहपुर तगा, नवीन त्यागी, ब्रह्म त्यागी, सतीश त्यागी, अनिल त्यागी, सतपाल त्यागी, बलराज, संदीप, महेश सरपंच घसौली, हरबीर दातौली, मुन्नी नंबरदार, अमित त्यागी, सुनील पटवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायत के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन कटिबद्ध : एसडीएम

निर्देश

संबंधित अधिकारियों को जल्द और सकारात्मक समाधान करने के निर्देश



**गन्नौर।** समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान समाधान शिविर लगाया गया। एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि प्राप्त हुई शिकायतों में प्रताप सिंह निवासी गांव पुरखास ने बिजली का ट्रांसफार्म दूसरे स्थान पर लगाने की मांग की, नरेन्द्र निवासी गांव अटायल ने ट्यूबवैल दूसरे खेत में बदलने का अनुरोध, लाला गढ़ी क्षेत्र में पानी आपूर्ति के समय में बदलाव की मांग के साथ अन्य शिकायतों में अधिकतर परिवार पहचान पत्र में सदस्य जोड़ने, आय संबंधी त्रुटियों को दूर करने, बीपीएल राशन कार्ड कटने आदि से संबंधित रही। शिकायतो पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द और सकारात्मक समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी मौके निरीक्षण कर समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार, एसडीओ यूएचबीवीएन सतीश गोयत, एसडीओ सिंचाई विभाग राहुल डागर, एसडीई पब्लिक हैल्थ बलराज मोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पांची और अगवानपुर के बीच सड़क पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

**गन्नौर।** गांव पांची और अगवानपुर के बीच सड़क पर बुधवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दुर्गा कॉलोनी वार्ड-१७ निवासी गंगाराम ने बताया कि उसका भाई सावन और साला रमेश निवासी खेड़ी क्रमू, शामली (उत्तर प्रदेश) बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे मोटरसाइकिल पर गांव चटिया से गन्नौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। जब वे गांव पांची और अगवानपुर के बीच पहुंचे तो गन्नौर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिर गए। रमेश के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सावन घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया। गन्नौर थाना पुलिस ने गंगाराम की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस फरार चालक और ट्रैक्टर की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** पटेल नगर से घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने पुलिस को दी। शिकायत के बाद गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में दीपक पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव उल्देपुर (ठरु),जिला सोनीपत, हाल निवासी पटेल नगर (अनाज मंडी के सामने वाली गली),गन्नौर ने बताया कि उसने ३ जून की रात अपनी हीरो हौंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। इसके बाद वह घर के अंदर चला गया। जब वह अगले दिन किसी कार्य से सोनीपत जाने के लिए घर से बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद गन्नौर थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया। जांच एएसआई जयबीर ने बताया कि मोटरसाईकिल की तलाश में पुलिस लगी है।

### समाधान शिविर आयोजित, 11 शिकायतें हुई प्राप्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को जिला मुख्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आज समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 11 शिकायतें आईं। इनमें करनाल मुख्यालय पर 3, नीलोखेड़ी उपमंडल में 5, इंद्री, असंध व घरौंडा में एक एक शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

### ये आई समस्याएं

करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में रेनू रानी बिजली कनेक्शन बदलवाने से संबंधित, बलबीर सिंह जमाबंदी व ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने बारे, रामफल जमीनी विवाद से संबंधित शिकायत लेकर समाधान शिविर पहुंचे। नीलोखेड़ी उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में बलजीत सिंह, जतिन परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन, संतोष विधवा पेंशन, पालाराम व रोशनी बुढ़ापा पेंशन से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे।

# बूंदाबादी आने से जेबीएम की लापरवाही से जाम हुए नाले का पानी प्लाटों में भरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** वीरवार को दोपहर बाद तेज आंधी के बाद हुई बूंदाबादी से जहां तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं गढ़ी केसरी में भारत गैस गोदाम के सामने नाले जेबीएम कंपनी द्वारा बनाए गए कूड़ा प्वाइंट के कारण ओवरफ्लो होकर पास में पड़े खाली प्लोटों की जगह में भर गया। सूचना मिलने के बाद नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई के लिए क्रेन को बुलवाकर नाले पर ढके स्लैब को हटवाकर नालों को खोलने का काम किया। तब तक खाली प्लाटों की जगह में काफी नालों का गंदा पानी जमा हो गया। लोगों का आरोप है कि यहां पर जेबीएम कंपनी द्वारा बनाए गए कूड़ा प्वाइंट के पास स्थित नाले में कचरा और गाद जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई। दोपहर बाद हुई बारिश के दौरान नाला ओवरफ्लो हो गया और उसका गंदा पानी आसपास के खाली प्लॉटों में फैल गया। कुछ ही समय में प्लॉटों में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया, जिससे बदबू और मच्छरों के पनपने की आशंका भी बढ़ गई। सूचना मिलने पर नगरपालिका ने कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की सहायता से नाले पर रखे स्लैब हटवाए और नाले की सफाई शुरू करवाई। हालांकि तब तक कई खाली प्लॉटों में गंदा पानी भर चुका था। लोगों का कहना है कि नाले की नियमित सफाई नहीं होने के कारण हर बार बारिश के दौरान ऐसी समस्या उत्पन्न हो जाती है। लोगों ने स्थाई समाधान की मांग की।





# बीमारी का मुकाबला करने के लिए पौष्टिक आहार जरुरी: सतीश चावला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इलाज के साथ दुआ की भी जरूरत होती है। किसी भी बीमारी का मुकाबला करने के लिए पौष्टिक आहार देना जरूरी है। आज समाज में बचत और स्वदेशी के साथ स्वालंबन का भाव जगाना जरूरी है। यह बात स्वदेशी जागरण मंच के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय पालक सतीश चावला ने कही। वह स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नागरिक आयाम के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम चांद सराय की डाकौत बस्ती के शनि मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पिछले नौ माह से आयोजित किया जा रहा है। अब तक तीन सौ पैंतालीस पौष्टिक आहार किट वितरित की जा चुकी हैं। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नागरिक आयाम के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें मरीजों को दवा निशुल्क प्रदान की जाती है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डा. सिम्मी अग्रवाल, नीरू सेतिया तथा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# सशक्त बेटियां होंगी तो समाज भी सुरक्षित होगा : सतीश राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सशक्त बेटियां होंगी तो समाज भी सुरक्षित होगा। आज के समय में बेटियों के लिए आत्मरक्षा की ट्रेनिंग लेना बहुत ही जरुरी हो गया है, क्योंकि यह न केवल उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपना बचाव खुद करने में सक्षम बनती हैं और खास बात ये है कि बिना किसी हथियार के। यह बात आज सेवा श्री आश्रम, सेवा भारती के कार्यक्रम में इंटरनैशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने कही। वह आज आश्रम में समर्थ किशोरी प्रकल्प की छात्राओं के आत्मरक्षा के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आए थे। उनके साथ अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी सरिता रोहिला ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए कि आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा कैसे की जाए तथा आत्मविश्वास के साथ कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे किया जाए। सड़क पर अकेले चलते हुए छीनाझपटी या छेड़खानी की घटना के समय कैसे दुश्मन को सबक सीखाना है। कार्यक्रम में निर्मल कुटिया स्कूल की छात्राओं सहित सिलाई केंद्र, रूपसज्जा केंद्र एवं कंप्यूटर केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने वीरवार को मानवता जन शक्ति फाउंडेशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में भव्य निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आर्य समाज मंदिर दादूपुर में आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा जनरल स्वास्थ्य जांच, स्त्री रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, शुगर, उच्च रक्तचाप एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। स्वास्थ्य जांच के दौरान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष हरदीप राणा ने कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।






# ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाएं सुनिश्चित: डीसी

**सोनीपत, 04 जून।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने गुरुवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वेयर हाउस से संबंधित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा बहुत ही संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में निर्माण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए हेल्पडेस्क शुरू, आपत्तियां की जाएंगी दुरूस्त

दिशा–निर्देश

-- एसडीएम ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश



**गन्नौर।** गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम (नागरिक) प्रवेश कादियान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-२०२६ के दौरान मतदाताओं की सुविधा एवं सहायता के लिए उपमंडलीय परिसर गन्नौर में प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या १९ में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। हेल्पडेस्क के माध्यम से मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। एसडीएम (नागरिक) प्रवेश कादियान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधानसभा क्षेत्र के सभी कुल २२३ बूथों पर मतदाता सूची वर्ष २००२ के अनुसार मतदाता सूची का मिलान करने के लिए १५ जून से १४ जुलाई तक घर–घर जाकर बीएलओं द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण किया जाएगा। १४ जुलाई को ही मतगणना केन्द्रों का रेशनलाईजेशन का कार्य करते हुए, २१ जुलाई को ड्राफ्ट इलैक्टॉरल रोल का प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक २१ जुलाई से २० अगस्त तक मतदाता सूची संबंधी दावें एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। इसके साथ ही दिनांक २१ जुलाई २०२६ से १८ सितंबर २०२६ तक प्राप्त गणना प्रपत्रों की त्रुटियों पर नोटिस जारी कर दावें एवं आपत्तियों को दुरुस्त किया जाएगा। दिनांक २२ सितंबर २०२६ को इलैक्टॉरल रोल का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, बीईओ सुरजीत सिंह, सचिव नगरपालिका प्रदीप कुमार, चुनाव काननूगो पूजा, बीएलओ पवन कुमार, इंडियन नैशनल लोकदल से बिजेन्द्र शेखपुरिया, भारतीय जनता पार्टी से विकास त्यागी, इंडियन नैशनल कांग्रेस से सुरेन्द्र कुमार आदि राजीतिक प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहे।

# यमुनानगर की बेटी ने नीट एमडीएस में राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया 317वा रैंक





**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगरनेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) एमडीएस की परीक्षाओं में जिले के गांव गोविंदपुरी की छात्रा नव्या वशिष्ठ ने राष्ट्रीय स्तर पर 317वां रैंक हासिल करके जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर से बीडीएस करने के बाद नव्या ने एमडीएस में दाखिले हेतु तैयारी की और परीक्षा में शानदार रैंक हासिल करके किसी भी सरकारी कॉलेज में एमडीएस करने के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। परीक्षा परिणाम आने के बाद उनके घर में परिवार के सदस्य व अन्य रिश्तेदार बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। इस मौके पर डॉ नव्या वशिष्ठ के माता-पिता मीनाक्षी-दीपक त्यागी तथा भाई कार्तिक व शौर्य का कहना है कि नव्या ने नीट परीक्षा के लिए दिन में 12-12 घंटे तक तैयारी की है।

# कैदियों से लेकर बच्चों तक, करनाल में योग दिवस की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार करनाल जिले के सभी ब्लॉकों में विभिन्न योग कार्यक्रम और शिविर बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग, करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि आज आयुष विभाग, करनाल तथा पंडित चिरंजीलाल महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आज



अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेखा त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान आयुष विभाग की योग सहायक कुसुम शर्मा, अनुराग एवं काजल द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**बाल भवन में बच्चों के लिए विशेष योग शिविर**

बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 21 जून तक बच्चों के लिए 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी की देखरेख में चल रहे इस शिविर में आयुष विभाग की योग इंस्ट्रक्टर कुमारी गुंजन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज शिविर में कुल 155 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 40 लडके और 115 लड़कियां शामिल रहीं।

**जिला कारागार में कैदियों ने किया योगाभ्यास**

जिला कारागार में बंदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए 1 जून से 21 जून 2026 तक विशेष योग शिविर चलाया जा रहा है। यह शिविर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ के मार्गदर्शन तथा डीएसपी सुरेंद्र, डीएसपी धर्मचंद नैन एवं डीएसपी नीलम की देखरेख में आयोजित हो रहा है। आज डॉ. अमित पुंज की देखरेख में योग इंस्ट्रक्टर मुन्ना कुमार तथा कांता द्वारा योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 490 बंदियों ने योगाभ्यास किया।

**हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन में प्रशिक्षण**

हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, मधुबन सर्किल ऑफिस में भी 1 जून से 21 जून तक स्टाफ के लिए योग शिविर जारी है। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर नरेश कुमार गोस्वामी की देखरेख में आयोजित इस शिविर में आयुष विभाग के योग सहायक विपिन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज कुल 40 प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

# त्रिवेणी घाट पर मां गंगा की दिव्य आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।**

अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक के दौरान देवभूमि ऋषिकेश स्थित त्रिवेणी घाट पर आयोजित मां गंगा की दिव्य आरती आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम बन गई। परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता सहित देशभर से आए महापौरों एवं जनप्रतिनिधियों ने आरती में भाग लेकर राष्ट्र की प्रगति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।



इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा भी उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और हजारों दीपों की अलौकिक ज्योति से पूरा घाट भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मां गंगा की आरती भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है, जो सेवा व सद्भाव का संदेश देती है। सभी अतिथियों ने देवभूमि की इस पावन परंपरा को अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# मंत्री के निर्देशों के अनुरूप सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने प्रवर्तन और निगरानी अभियान किया तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछले एक महीने के दौरान दिल्ली भर में लगातार सघन निगरानी, निरीक्षण और प्रवर्तन गतिविधियां चलाई। खाद्य सुरक्षा की नियमित निगरानी प्रक्रिया के तहत फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने राजधानी दिल्ली के विभिन्न खाद्य व्यवसाय प्रतिष्ठानों से एक महीने में कुल 217 खाद्य नमूने एकत्र किए। इस अवधि के दौरान विभाग को 145 खाद्य



विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें से 133 नमूने निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए। वहीं, 12 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिनके संबंध में संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालकों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से खारी बावली बाजार में चल रही एक घटिया मसाले बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़ किया और संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालक के खिलाफ 'खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006' के तहत जरूरी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग अपने नियामक संबंधी प्रवर्तन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए खाद्य सुरक्षा उल्लंघनों के मामलों में समयबद्ध अभियोजन और न्यायालयों में मामलों की सक्रिय पैरवी के माध्यम से अपने लीगल तंत्र को भी मजबूत कर रहा है। नियमों का पालन आसान बनाने के साथ व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन संबंधी बड़ी संख्या में आवेदनों का निस्तारण किया है।

मई माह के दौरान कुल 503 लाइसेंस जारी किए गए, जबकि लाइसेंस नवीनीकरण के 753 आवेदनों (नवीनीकरण और संशोधनों से संबंधित) पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा 4010 रजिस्ट्रेशन जारी किए गए और 1000 रजिस्ट्रेशन आवेदनों (जो नवीनीकरण और संशोधनों से संबंधित थे) का भी निस्तारण किया गया।

# 'आप' ने गोवा अग्निकांड से सबक लेने की दी थी चेतावनी, पर भाजपा सरकार करती रही मनमानी: नारंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने मालवीय नगर अग्निकांड और साकेत बिल्डिंग हादसे के लिए भाजपा सरकार की मनमानी को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले साल हुए गोवा अग्निकांड से सबक लेने की भाजपा सरकार को चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार मनमानी करती रही। मैंने खुद एमसीडी मेयर और कमिश्नर को पत्र लिखकर फायर सेफ्टी और भवन सुरक्षा की जांच कराने की मांग की थी। लेकिन सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। परिणाम स्वरूप मालवीय नगर अग्निकांड और साकेत बिल्डिंग हादसे में कई बेकसूर लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि इन



घटना की जिम्मेदारी लेते हुए एमसीडी मेयर अपना इस्तीफा दें और पूरे मामले की विजिलेंस जांच कराई जाए। अंकुश नारंग ने कहा कि गोवा अग्निकांड के बाद मैंने दिसंबर 2025 में ही एमसीडी कमिश्नर और महापौर को फायर सेफ्टी व भवन सुरक्षा को लेकर चेताया था। लेकिन भाजपा शासित एमसीडी ने कोई सबक नहीं लिया। नतीजा यह है कि मालवीय नगर अग्निकांड में 21 लोगों की मौत, साकेत भवन हादसे में कई लोगों की जान गई। विदेशी नागरिकों की मौत से देश की छवि भी प्रभावित हुई। मैंने गुरुवार को फिर मेयर और निगमायुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए, विजिलेंस जांच कराई जाए और इन घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए महापौर प्रवेश वाही तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। यह सिर्फ हादसे नहीं, बल्कि एमसीडी की लापरवाही, प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार का परिणाम हैं। अंकुश नारंग ने कहा कि मालवीय नगर अग्निकांड में 21 लोगों की मौत और साकेत बिल्डिंग हादसे में 6 लोगों की जान जाना कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है।

# मॉडल टाउन क्षेत्र: विधायक अशोक गोयल देवराहा व पार्षद सुशील जोंटी ने किया कौशलपुरी क्षेत्र का दौरा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग के कौशलपुरी स्थित पुराने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर विधायक अशोक गोयल देवराहा, सुशील जोंटी निगम पार्षद एवं पूर्व डिप्टी चेयरमैन, केशवपुरम जोन मौजूद रहे। इस मौके पर पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि हमें सूचना प्राप्त हुई थी कि शौचालय की छत का एक छोटा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिर गया है। मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल मलबा हटाने एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थासुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्रवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुराने शौचालय के स्थान पर नए एवं आधुनिक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

# मालवीय नगर अग्निकांड के मद्देनजर आयुक्त को लिखा पत्र, विशेष अग्नि सुरक्षा अनुपालन अभियान चलाया जाए: सत्या शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: स्थायी** समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मालवीय नगर में हुई अग्निकांड की घटना को गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त को पत्र लिखा और कहा कि पूरी दिल्ली में विशेष अग्नि सुरक्षा अनुपालन अभियान चलाने के निर्देश दिए जाएं। अपने पत्र में सत्या शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई इस घटना ने भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न की हैं। उन्होंने कहा की निगम क्षेत्र में आने वाली सभी श्रेणियों की इमारतों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण कर अग्नि



सुरक्षा मानकों के अनुपालन का सत्यापन किया जाए। साथ ही इस अभियान में भवन विभाग के सहयोग से ऐसे भवनों की पहचान की जाए, जहां अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी, अनधिकृत निर्माण या अन्य कारणों से सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके अतिरिक्त स्थायी समिति अध्यक्ष ने मालवीय नगर में हुई अग्निकांड घटना की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि घटना से संबंधित सभी पहलुओं–जैसे भवन की स्थिति, स्वामित्व, अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन, तथा किसी प्रकार की लापरवाही की गहन जांच की जाए। सत्या शर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा की निगम इस विषय में त्वरित और प्रभावी कदम उठाएगा।

# धरा को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं सभी नागरिक: कपाही

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बढ़ते प्रदूषण और वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) की गंभीर चुनौतियों के बीच दिल्ली के जाने-माने युवा समाजसेवी विशाल कपाही ने आम जनता से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए यह बेहद जरूरी है कि हम सभी अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाएं, ताकि हमारी इस पावन धरा पर हरियाली का दायरा बढ़ सके।



**परिवार के सदस्यों की तरह करें पेड़-पौधों की रक्षा:** समाजसेवी विशाल कपाही ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल पौधा लगा देना ही हमारी जिम्मेदारी की इतिश्री नहीं है।

विशाल कपाही ने संदेश देते हुए कहा कि हमें इन पेड़-पौधों की देखभाल और रक्षा ठीक उसी तरह करनी चाहिए, जैसे हम अपने परिवार के सदस्यों की करते हैं। जब हम पौधों को अपने परिवार का हिस्सा मानकर सींचेंगे, तभी वे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे और समाज को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करेंगे।

# जहांगीर पुरी में लाइब्रेरी की उठी मांग, भास्कर ने लगाई सरकार से गुहार, लिखा सीएम को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी एससी/एसटी सेल के अध्यक्ष एम एल भास्कर ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर जहांगीर पुरी के आई एवं जे ब्लॉक क्षेत्र में एक आधुनिक सार्वजनिक लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग की है।

एम एल भास्कर ने अपने पत्र में कहा कि जहांगीर पुरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा एवं शिक्षा के प्रति रुचि रखने वाले नागरिक निवास करते हैं, लेकिन क्षेत्र में एक अच्छी सार्वजनिक लाइब्रेरी का अभाव है। इसके कारण विद्यार्थियों को



अध्ययन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे उनका समय एवं आर्थिक संसाधन दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आई एवं जे ब्लॉक में एक आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना की जाती है, तो क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों और युवाओं को शांत वातावरण में अध्ययन करने, पुस्तकें पढ़ने तथा डिजिटल संसाधनों का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। इससे शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी। भास्कर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जहांगीर पुरी के आई एवं जे ब्लॉक में शीघ्र एक सुसज्जित लाइब्रेरी स्थापित की जाए, जिसमें अध्ययन कक्ष, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकें, कंप्यूटर एवं डिजिटल लर्निंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं के हित में इस महत्वपूर्ण मांग पर सकारात्मक विचार करेगी।

# नरेला विधानसभा: होलंबी कलां मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले होलंबी कलां मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को देखते हुए संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर के कार्यों और भावी रणनीतियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का सफल आयोजन मंडल अध्यक्ष आत्मा राम ठाकुर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।







**'बूथ का योद्धा' ही है जीत की असली नींव: ललित खत्री**

बैठक के मुख्य वक्ता, जिला उपाध्यक्ष ललित खत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण, कड़ा अनुशासन और जनता से निरंतर जुड़ाव बनाए रखने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हर एक कार्यकर्ता बूथ का वास्तविक योद्धा होता है। किसी भी चुनाव या संगठन की जीत की मजबूत नींव हमेशा बूथ स्तर से ही रखी जाती है। यदि हमारा बूथ मजबूत है, तो संगठन को कोई हरा नहीं सकता।

**संगठन मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर गहन मंथन**

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष ललित खत्री और पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश यात्री (आत्रेय) उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सांगठनिक अनुशासन, बूथ सशक्तिकरण और निःस्वार्थ जनसेवा का मार्ग दिखाया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए 'बूथ जीतो, दिल्ली जीतो' का संकल्प सर्वसम्मति से दोहराया। इसके साथ ही मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने पिछले माह के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और आगामी सांगठनिक लक्ष्य तय किए।

**वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति**

इस महत्वपूर्ण मासिक बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री सुभाष महतो, ओमप्रकाश, मंडल उपाध्यक्ष विश्वनाथ, मंत्री डॉ. राजेंद्र, शिवजी प्रधान, वरिष्ठ कार्यकर्ता सागर यादव, नीतू देवी, बबीता शर्मा, चंदन कुमार मंडल, पूरन लाल चौधरी, डॉ. संजीव, सुभाष राम, वीरेंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नरेला: एक दिन की सजगता से नहीं बचेगा पर्यावरण, दैनिक जीवन में बदलाव जरूरी: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आज पूरे देश और विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। लेकिन हर साल यह बड़ा सवाल सामने आता है कि क्या महज एक दिन अलख जगाने से हम अपने पर्यावरण को बचा पाएंगे? इस गंभीर विषय पर नरेला निवासी व विचारक विजय भारद्वाज ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज विश्व तेजी से उन्नति की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन विकास की इस अंधी दौड़ में कुदरत कराह रही है। बड़ी-बड़ी परियोजनाओं के नाम पर धड़ल्ले



से पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे प्रकृति की गोद सिमटती जा रही है।

**सिर्फ एक दिन की औपचारिकता से नहीं सुधरेंगे हालात: भारद्वाज**

विजय भारद्वाज ने कड़े शब्दों में कहा कि सिर्फ एक दिन जागरूकता फैलाने या पर्यावरण की बातें करने से कुछ नहीं होगा। हम एक दिन तो प्रकृति की चिंता करते हैं, लेकिन बाकी के 364 दिन अपनी आदतों से उसे नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पेड़ इसी रफ्तार से कटते रहे, तो प्रकृति की गोद एक दिन पूरी तरह खाली हो जाएगी। बढ़ती आबादी, ऊंची-ऊंची इमारतें और हर तरफ फैला ईंट-कंक्रीट का जाल हमारे पर्यावरण को निगल रहा है। हमारे अल्पकालिक आराम और आलस ने पर्यावरण के संतुलन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# जहांगीरपुरी के सीएमश्री स्कूल में भव्य साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तरी दिल्ली के जहांगीरपुरी (ए-ब्लॉक) स्थित प्रतिष्ठित सी.एम. श्री स्कूल में 'विश्व साइकिल दिवस' के अवसर पर एक भव्य साइकिल रैली का शानदार आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में खेलकूद, शारीरिक फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक चेतना व जागरूकता पैदा करना था।

**रैली का आधिकारिक शुभारंभ**

मुख्य अतिथि, शिक्षा विभाग के उप-निदेशक राधे श्याम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजीत कौर और भारत सरकार के युवाओं के डिजिटल






प्लेटफॉर्म 'माय भारत' के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण का महा-संदेश**

इस साइकिल रैली में विद्यालय के लगभग 50 छात्रों ने बेहद उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ भाग लिया। रंग-बिरंगी साइकिलों और पर्यावरण व स्वास्थ्य से जुड़े संदेशों के साथ यह रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर जहांगीरपुरी इलाके के एक निर्धारित मार्ग से गुजरी।

स्थानीय प्रशासन, दिल्ली पुलिस और विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के आपसी तालमेल व बेहतरीन समन्वय के चलते पूरी रैली अत्यंत अनुशासित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

**अतिथियों ने बढ़ाया छात्रों का हौसला:** रैली के समापन पर आयोजित सभा के दौरान शिक्षा उप-निदेशक राधे श्याम और 'माय भारत' के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक हिमांशु गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। नियमित खेलकूद और दैनिक फिटनेस गतिविधियां न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखती हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी अत्यंत सहायक होती हैं।

# कानूनगो को सस्पेंड करने के दिए उपायुक्त ने निर्देश

**एक्शन**

कानूनगो की समाधान शिविर में काफी शिकायतें आ रही थी, इसलिए उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को समाधान शिविर के दौरान काम में लापरवाही बरतने पर राजस्व विभाग के कानूनगो को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानूनगो की समाधान शिविर में काफी शिकायतें आ रही थी ,इसलिए उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में अब तक करीब 7000 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सोमवार और वीरवार को जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष जरूर उपस्थित हूं, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे, उन्होंने मौके पर अधिकारियों को कहा तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करें।

बैठक में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुडी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं।

इस अवसर पर नगराधीश आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. भंवर सिंह कसाना हरियाणा बने राज्य संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य और सफल आयोजन को लेकर हरियाणा में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देश भर में योग व प्राकृतिक चिकित्सा का अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था इन्टरनेशनल नेचरोपैथी आगेर्नाइजेशन और सूर्या फाउंडेशन द्वारा हरियाणा राज्य के लिए संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत बिरादार एवं सूर्या फाउंडेशन के चेयरमैन जयप्रकाश के मार्गदर्शन में स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय व योग केंद्र बुचोली रोड, महेंद्रगढ़ के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भंवर सिंह कसाना को हरियाणा राज्य का संयोजक और योगाचार्य डॉ. धर्मवीर यादव को राज्य सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त राज्य संयोजक डॉ. भंवर सिंह और सह-संयोजक डॉ.धर्मवीर ने संयुक्त रूप से बताया कि पूरे हरियाणा राज्य में कार्यक्रम के सुचारू संचालन और व्यापक समन्वय के लिए आगामी सात जून को एक राज्य स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष बैठक व कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा के प्रत्येक जिले में 2 से 5 जिला समन्वयकों और ब्लॉक कन्वीनर की नियुक्ति आधिकारिक रूप से कर दी जाएगी।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रोटोकॉल प्रशिक्षण और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। डॉ. भंवर ने बताया कि इस वर्ष आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है।

**न्यूज फ्लैश**

## मेयर सुमन बहमनी और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया शुभारंभ, गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य के दिए निर्देश



**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 4 जून।** नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में वीरवार को मेयर सुमन बहमनी और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने तीन वार्डों में करीब 67 लाख 52 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया तथा अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मेयर और विधायक ने वार्ड-21 की शिवपुरी बी कॉलोनी में 22 लाख 98 हजार रुपये की लागत से गली एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद वार्ड-20 की मॉर्डन कॉलोनी में 10 लाख 93 हजार रुपये की लागत से गली निर्माण और जल निकासी के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद विक्रम राणा और भाजपा नेता जगदीश बब्बर भी मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से इस कार्य की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

इसके उपरांत वार्ड-22 में पार्षद रूचि शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा की मौजूदगी में 33 लाख 61 हजार रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि शहर की किसी भी कॉलोनी या मोहल्ले को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। लोगों की मांग और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर विकास योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का समान और समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और बजट की कमी को विकास कार्यों के आड़े नहीं आने दिया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

## चालक परिचालक अपने मूल पद पर करेंगे कार्य, सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर निदेशालय ने लिया संज्ञान

**महेंद्रगढ़।** रोडवेज डिपो में कार्यरत कर्मचारियों अब अपने मूल पदों पर कार्य करेंगे। निदेशालय ने हरियाणा के सभी रोडवेज डिपो के महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर कर्मचारियों को ड्यूटी में बदलाव करने के आदेश जारी किए है। महाप्रबंधकों को कर्मचारियों की सूची बनाकर मुख्यालय भेजनी होगी।

मुख्यालय द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री को भी इसकी जानकारी दी जाएंगी।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय ने आईआईआरएफ रैंकिंग फ्रेमवर्क 2026 में हासिल की 17वीं रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ह्इंडिया इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) रैंकिंग 2026ह्व में देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 17वां स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक पहचान को और सुदृढ़ किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, विद्यार्थी विकास तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यप्रणाली का परिणाम है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक समर्पण, कठोर परिश्रम और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सीमित समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और यह रैंकिंग गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे सतत प्रयासों की पुष्टि करती है।

## एसडीएम ने पत्रकार वार्ता में एसआईआर के बारे दी विस्तृत जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** थानेसर विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संचालित की जा रही है।

एसडीएम अमन कुमार वीरवार को उपमंडल कार्यालय थानेसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में यह विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन कर उसे शुद्ध किया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता और सशक्त जनभागीदारी के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने, दोहरी प्रविष्टियों को समाप्त करने, स्थानांतरित मतदाताओं के रिकॉर्ड को सत्यापित करने तथा नए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडने.का कार्य किया जाएगा। इस पुनरीक्षण के लिए 1 जुलाई, 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि 12 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

## विश्व की मोटापा रोगियों की कुल संख्या का 20% केवल भारत में: गुलशन ग्रोवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** आधुनिक युग में पूरे विश्व में मोटापा एक प्रमुख समस्या बन चुकी है । वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पूरे विश्व में 2.5 अरब से अधिक वयस्कों का वजन सामान्य से अधिक है । मोटापे की श्रेणी में आने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 90 करोड़ है । अकेले भारतवर्ष में मोटापे की श्रेणी में आने वाले वयस्कों की संख्या विश्व की कुल संख्या का 20% यानी 18 करोड़ के लगभग है जिसके सन् 2050 तक बढ़कर 44 करोड़ होने की संभावना है । यह जानकारी भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने कृष्ण योग जिला के तत्वावधान में जिंदल पार्क, झांसा रोड़ में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा मोटापा एवं घुटना रोग निवारण शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए दी ।

## हिसार : बालसमंद को मिलेगा नहरी पानी

**हिसार।** बालसमंद क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी नहरी एवं पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को प्रमुखता से रखा। इस दौरान सिंचाई विभाग के ईआईसी चौहान एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की प्रमुख मांगों को विस्तार से रखा। इनमेंकिशनगढ़ ब्रांच नहर को बालसमंद क्षेत्र से जोडने तथा लाडवी के पास से किशनगढ़ ब्रांच

## अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**चर्चा**

सर्वजातीय खाप सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 12, 13 एवं 14 जून को आयोजित होने वाले सर्वजातीय खाप सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बताया गया कि इस सम्मेलन में महिला संगठन, छात्र संगठन, युवा संगठन, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, विभिन्न खापों, तपों, बारहों तथा समाज के अन्य मौजिज व्यक्तियों की व्यापक भागीदारी रहेगी। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना, समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना तथा भावी पीढ़ी के लिए सकारात्मक सामाजिक वातावरण तैयार करना है। सम्मेलन के दौरान सामाजिक कुरीतियों, नशाखोरी, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज को संगठित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सामूहिक प्रयास समय की आवश्यकता हैं।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद ने हाल ही में डॉ. शैलेंद्र शर्मा शैली द्वारा एक नाबालिग के साथ किए गए जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध मानवता को शर्मसार करने वाले हैं।

## पांचाल समाज शिक्षा समिति का सम्मान समारोह 7 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत, 4 जून।** पांचाल समाज शिक्षा समिति द्वारा आगामी 7 जून दिन रविवार को पानीपत के आर्य कॉलेज के सभागार में पांचवा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पांचाल समाज के वर्ष 2025-26 के 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 200 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। वीरवार को यहां समिति के प्रधान बलजीत पांचाल महम व उनकी टीम ने पानीपत जिला में पांचाल समाज के लोगों को समारोह में पहुंचने का न्यौता दिया। टीम में पांचाल समाज के जिला प्रधान विपिन पांचाल, गोहाना रोड श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार पांचाल, संरक्षक विनोद पांचाल, चमन लाल पांचाल, प्रवीण पांचाल, अजय पांचाल, सुशील पांचाल, हितेश पांचाल, कंवल किशोर पांचाल, शिवकुमार भीमड़ा व कप्तान पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं टीम द्वारा आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रधान बलजीत पांचाल ने बताया कि समारोह में समाजसेवी जयपाल पांचाल रोहतक बतौर मुख्य अतिथि, किशन लाल पांचाल अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं अध्यक्षता पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल एवं शिक्षा मंत्री के ओएसडी संयुक्त रूप से करेंगे।

बच्चों के अलावा खेल एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वालों को भी स्वामी भीष्म अवार्ड समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं इस बार तकनीकी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले पांच लोगों को विश्वकर्मा कौशल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आर्यवीर और आर्य वीरांगनाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**



**थानेसर :** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्यवीर दल के राष्ट्रीय शिविर और आर्य वीरांगना दल के प्रान्तीय चरित्र निर्माण शिविर में आज का दिन बेहद रोमांचक और ऊर्जा से भरपूर रहा। शिविर में देश और प्रदेश से आए सभी युवा आर्यवीरों एवं आर्य वीरांगनाओं को स्वामी देवव्रत जी सरस्वती के पावन मार्गदर्शन में सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) की विशेष ट्रेनिंग दी गई। गौरतलब है कि गुजरात के महामहिम राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी की प्रेरणा ये गुरुकुल में इन शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें युवाओं के भोजन, आवास आदि सम्पूर्ण व्यवस्थाएं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग की अध्यक्षता में गुरुकुल प्रबंधन समिति द्वारा की जा रही है।

आज के सत्र के दौरान आर्यवीर दल के प्रमाणित और अनुभवी व्यायाम शिक्षकों (इंस्ट्रक्टर्स) द्वारा युवाओं को नियुद्धम (बिना हथियार के आत्मरक्षा की प्राचीन भारतीय पद्धति) के विशेष गुर और दांव-पेच सिखाए गए। शिविर में युवाओं को संकट के समय धैर्य बनाए रखने और अपनी सुरक्षा स्वयं करने की तकनीकों का गहन अभ्यास कराया गया।

स्वामी देवव्रत जी सरस्वती ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में युवाओं का केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका शारीरिक रूप से वज्र के समान सुदृढ़ और मानसिक रूप से हर परिस्थिति में सतर्क होना अनिवार्य है। आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) केवल एक कौशल या कला नहीं है, बल्कि आज के समय की सबसे बड़ी व्यावहारिक आवश्यकता है।

विशेषकर हमारी बेटियों और युवाओं को स्वावलंबी और निडर होना ही होगा, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में किसी सहारे की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं अपनी और दूसरों की रक्षा करने में सक्षम बनें। स्वामी जी ने नियुद्धम के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा, हमारी प्राचीन भारतीय पद्धतियाँ हमें आत्मबल और शौर्य सिखाती हैं। जब एक युवा शारीरिक रूप से मजबूत और अनुशासित होता है, तो उसके भीतर का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। इस शिविर का मूल उद्देश्य केवल शारीरिक कसरत कराना नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर छिपी हुई राष्ट्र रक्षा की भावना और संस्कारों को जगाना है। एक चरित्रवान और वीर युवा ही एक सशक्त समाज और अखंड राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, यहाँ सीखे गए अनुशासन, आत्मरक्षा के गुर और सनातन संस्कारों को केवल शिविर तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। समाज में फैले अधर्म, अन्याय और कुरीतियों के खिलाफ खड़े होने के लिए आपके भीतर शौर्य और धीरता दोनों का होना आवश्यक

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रतापनगर मंडल की बैठक में कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर, 4 जून।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापनगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं मंडल पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, बीएलए-1, बीएलए-2, शक्ति केंद्र प्रमुखों तथा भाजपा पदाधिकारियों से मतदाता सूची के सत्यापन और अद्यतन कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश ने विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर पांच-पांच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने 9.74 लाख लाभार्थियों के खातों में जारी की 176.59 करोड़ की पेंशन

टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मई 2026 की पेंशन राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने वन क्लिक प्रणाली के माध्यम से 9 लाख 74 हजार 338 लाभार्थियों को कुल 176 करोड़ 59 लाख 24 हजार रुपये की पेंशन राशि जारी की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव व देरी के योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वहीं मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया और राष्ट्रीय आजीविका मिशन जैसी योजनाओं ने स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



**शपथ दिलाई**

मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल की शपथ भी दिलाई

अंत्योदय परिवारों को प्रतिवर्ष तीन निशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि स्वयं सहायता समूहों को ह्यलखपति दीदी योजनाह्न और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम और अपणि सरकार पोर्टल के माध्यम से विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। राष्ट्रीय खेलों, जी-20 बैठकों और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से राज्य को नई पहचान मिली है। साथ ही केदारखंड-मानसखंड मंदिर माला मिशन, शारदा कॉरिडोर, ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर, यमुना कॉरिडोर, विवेकानंद कॉरिडोर और गोल्ज्यू कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राज्य की जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद साढ़े चार वर्षों में 33 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, भरत चौधरी, विधायक सविता कपूर, पार्वती दास, भूपाल राम टम्टा, सचिव प्रकाश चन्द्र, विभिन्न आयोगों, परिषदों एवं समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मौजूद थे।

# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाएं : मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित न रखते हुए उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को भी व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के



संरक्षण से जुड़े ज्ञान भारतम् मिशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, दर्शन, विज्ञान और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण और डिजिटलीकरण केवल अभिलेखीकरण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। बैठक में अब तक 13 लाख 70 हजार से अधिक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण की प्रगति की जानकारी दी गई। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाया जाए। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट तथा बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट के रूप में नए क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। साथ ही 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन तथा वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी हो जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव लोकार्पित 'नौसेना शौर्य वाटिका' और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना

**सांस्कृतिक**

उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है

राष्ट्रभक्ति, सैन्य गौरव और भारत की समुद्री विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि इसका संचालन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय में भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास, समुद्री शक्ति, नौसैनिक अभियानों, आईएनएस गोमती की यात्रा, नौवहन परंपरा एरीना तथा विविध अनुभवात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

# कोलकाता में वाटर मेट्रो की तैयारी, मुख्यमंत्री शुभेंदु ने की बड़ी घोषणा

**जल मेट्रो सेवा**

जल परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में जल मेट्रो सेवा शुरू करने की घोषणा की



टीम एक्शन इंडिया
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को राज्य में जल परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कोलकाता में जल मेट्रो सेवा शुरू करने की घोषणा की। सचिवालय में केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद उन्होंने यह जानकारी दी। इस बैठक में राज्य और केंद्र के बीच जलमार्ग और बंदरगाह विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोलकाता में जल मेट्रो परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे शहर के नदी मार्गों पर यातायात को अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य में जल परिवहन के नए युग की शुरुआत करेगी और शहरी यातायात पर दबाव को भी कम करने में मदद करेगी। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य में कुल 44 जेटियों का निर्माण किया जाएगा, जबकि राष्ट्रीय जलमार्ग के लिए 25 जेटियों का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके अलावा बागबाजार, अहिरीटोला, शोभाबाजार, मल्लिकघाट, रामकृष्णघाट और बांधाघाट जैसे प्रमुख घाटों के सौंदर्यीकरण और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे दुर्गा पूजा से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने गंगासागर मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की योजना पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कपिलमुनि आश्रम के आसपास के तटीय क्षेत्र का विकास किया जाएगा ताकि तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। इसके साथ ही कोलकाता बंदरगाह क्षेत्र में अवैध कब्जों और गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। राज्य सरकार का कहना है कि बंदरगाह क्षेत्र में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी।

# ममता की गिरफ्तारी होनी चाहिए, कानून से ऊपर कोई नहीं: अग्निमित्रा



टीम एक्शन इंडिया
**पश्चिम बर्दवान।** पश्चिम बंगाल महिला व शिशु कल्याण तथा शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल ने गुरुवार को आसनसोल के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान से ऊपर कोई नहीं है तथा यदि किसी ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। विधाननगर पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस नेता अरूप विश्वास को पूछताछ के लिए बुलाए जाने और उनके थाने में उपस्थित नहीं होने के सवाल पर अग्निमित्रा पाल ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया, जनता का पैसा लूटा और विभिन्न घोटालों में शामिल रहे, वे जांच एजेंसियों की कार्रवाई शुरू होते ही बीमार पड़ जाते हैं। भाजपा ऐसे सभी मामलों पर नजर रखे हुए है और कानून अपना काम करेगा। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है,

**मांग**

यदि किसी ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए

चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरूप विश्वास, फिरहाद हाकिम हों या मोल्ला तृणमूल कांग्रेस का कोई अन्य नेता, सभी को एक दिन जनता और कानून के सामने जवाब देना होगा। सिलीगुड़ी साइबर थाने में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि संविधान की शपथ लेने के बाद किसी भी जनप्रतिनिधि को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए जो देश के हितों के खिलाफ हों। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री समय-समय पर ऐसे बयान देती रही हैं जिनसे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने की जरूरतः मांझी

टीम एक्शन इंडिया
**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को पुरी में आयोजित ब्रिक्स डिजास्टर रिस्क रिडक्शन वर्किंग ग्रुप (डीआरआरजी) की तकनीकी बैठक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए अंतराष्ट्रीय एवं अंतर-राज्यीय सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन आपदा



जोखिम न्यूनीकरण के वैश्विक प्रयासों को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण मंच है। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण अब केवल एक क्षेत्रीय विषय नहीं रहा, बल्कि यह आर्थिक स्थिरता, सतत विकास और मानव सुरक्षा का प्रमुख आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, तीव्र शहरीकरण और पर्यावरणीय क्षरण के कारण दुनिया भर में आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ रही है, जिससे बेहतर तैयारी और

**उद्घाटन**

ब्रिक्स डिजास्टर रिस्क रिडक्शन वर्किंग ग्रुप (डीआरआरजी) की तकनीकी बैठक का उद्घाटन किया

समन्वित कार्रवाई अनिवार्य हो गई है। ओडिशा के अनुभवों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने शून्य मृत्यु सिद्धांत पर आधारित एक विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त आपदा प्रबंधन मॉडल विकसित किया है। राज्य ने वैज्ञानिक योजना, उन्नत पूर्व चेतावनी प्रणाली, मजबूत अवसंरचना, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से अपनी आपदा तैयारी क्षमता को लगातार मजबूत किया है।
उन्होंने कहा कि ओडिशा चक्रवात, लू, बिजली गिरने, तटीय क्षरण और शहरी जलवायु जोखिमों के प्रति संवेदनशील राज्य है। ओडिशा का अनुभव दर्शाता है कि बेहतर तैयारी और मजबूत संस्थाएं आपदा प्रभाव को काफी हद तक कम कर सकती हैं, लेकिन भविष्य की चुनौतियों के लिए और अधिक नवाचार तथा तकनीकी सहयोग आवश्यक होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर केंद्रित नीति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 10 सूत्रीय एजेंडा आपदा प्रबंधन में तैयारी, तकनीक, जोखिम-आधारित विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है। उन्होंने 160 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड कोस्टल हाईवे परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करेगी और चक्रवात संभावित तटीय क्षेत्रों में तेज निकासी, आपूर्ति श्रृंखला की निरंतरता और राहत कार्यों में सहायक होगी।

# पंजाब पुलिस ने बरामद की आरडीएक्स आधारित आईईडी, दो गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने एक विदेशी आतंकवादी हैंडलर के दो सहयोगियों को गिरफ्तार करके बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। इनके पास से लगभग 2.5 किलोग्राम वजनी आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद की गई है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के गुज्जरपुरा निवासी मनी सिंह (32) तथा अमृतसर के गिल्लवाली गेट निवासी अभिषेक कुमार (28) को गिरफ्तार किया गया है। बरामद की गई आईईडी विस्फोट के लिए पूरी तरह तैयार थी। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी से एसएएस नगर में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की साजिश को विफल कर दिया गया है। डीजीपी ने कहा कि पूरे आतंकवादी नेटवर्क का पदार्फाश करने तथा साजिश में शामिल हैंडलरों, ऑपरेटिवों और उनके आगे-पीछे के संपर्कों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# सड़कों-पुलों के निर्माण की गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं: सम्राट

**समीक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री ने 'संकल्प सभागार' में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

टीम एक्शन इंडिया
**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों एवं पुलों के निर्माण की गुणवत्ता तथा उनके



रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें। जनता को सुरक्षित, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क संपर्क उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़कों एवं पुलों के निर्माण तथा अनुरक्षण कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता तथा प्रबंधन बेहतर ढंग से करें ताकि परियोजनाएं समय एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सकें। राज्य के सभी पुलों का विशेषज्ञों से नियमित निरीक्षण तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा ऑडिट सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री ने मुंगेर (सफियाबाद) बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज-भागलपुर-सबौर फोरलेन गंगा पथ परियोजना की प्रगति की समीक्षा के क्रम में कहा कि हाइब्रिड एन्यूटी मोड के तहत इस परियोजना पर काम करें। गुणवत्तापूर्ण तरीके से आगे बढ़ायें ताकि पूर्वी बिहार की कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं पर्यटन विकास को गति मिले।

# सिकल सेल उन्मूलन की गतिविधियों को सघनता के साथ करेंगे संचालित : राज्यपाल पटेल

टीम एक्शन इंडिया
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग को विश्व सिकल सेल दिवस के तारतम्य में सिकल सेल उन्मूलन गतिविधियों को सघनता के साथ संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग, उपचार, कार्ड और दवा वितरण प्रयासों के साथ ही रोग की जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाने चाहिए। राज्यपाल पटेल गुरुवार को भोपाल स्थित लोक भवन में लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के संकल्प को पूरा करना तब हमें थकना और रुकना नहीं है। इसलिए उन्मूलन और उपचार की नियमितता की जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में विशेष निगरानी की जाना जरूरी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।

**प्रत्येक मंगलवार को आंगनवाड़ी केन्द्र में दें सिकल सेल की जानकारी दें**

राज्यपाल पटेल ने प्रत्येक मंगलवार को आंगनवाड़ी केन्द्र में माता और बच्चों को सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण और उपचार से संबंधित जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिये है। उन्होंने स्वास्थ्य और

**सघनता**

सिकल सेल उन्मूलन गतिविधियों को सघनता के साथ संचालित करने के निर्देश दिये हैं

आयुष विभाग के सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर जिलेवार चर्चा की। राज्यपाल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल स्क्रीनिंग, दवा और कार्ड वितरण आदि की विस्तार से जिलेवार जानकारी दी गई। आयुष विभाग द्वारा भी जिलेवार दवाई वितरण, परामर्श, उपचार और रोगियों से सतत संवाद के द्वारा उपचार गतिविधियों की जानकारी दी गई। राज्यपाल ने आयुष विभाग को सिकल सेल उपचार प्रयासों का रोगियों से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। राज्यपाल पटेल ने कहा कि राज्य सरकार, सिकल सेल उन्मूलन के लिए संकल्पित है। मध्य प्रदेश सिकल सेल उन्मूलन के राष्ट्रीय स्तर के प्रयासों में अग्रणी है। यह संबंधित विभागों द्वारा सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों की सही दिशा में सार्थक कार्यों का परिणाम है। उन्होंने स्वास्थ्य और आयुष विभाग के सिकल सेल उन्मूलन कार्यों और गतिविधियों की सराहना की। सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहित मैदानी अमले को बधाई दी।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की पहलः सड़क निर्माण कार्यों को मिलेगा नया संबल

टीम एक्शन इंडिया
**जयपुर।** राज्य में सड़क निर्माण परियोजनाओं को गति देने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले बिटूमिन (डामर) का प्रावधिक मूल्य मासिक आधार पर जारी किया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों में आ रही व्यावहारिक बाधाएं दूर होंगी और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित सड़क परियोजनाओं को बिना लिक्विडेटेड डैमेज (एलडी) लगाए दो माह का



अतिरिक्त समय देने का भी फैसला किया है। इससे संवेदकों को राहत मिलेगी और लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने में सहायता मिलेगी। जानकारी के अनुसार हाल ही में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के संवेदकों ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। संवेदकों ने सड़क निर्माण कार्यों में आ रही चुनौतियों और लागत से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रखा था।